# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 30 अक्टूबर 2024





तापमान
अधिकतम 32.4 डिग्री
न्यूनतम 23.4 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि

रायपुर, बुधवार, 30 अक्टूबर 2024

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

10 संस्कृति महोत्सव में युवरानी, अर्चना व पूर्वी हुए सम्मानित



14 अवकाश के दिनों में भी लेंगे दावा आपत्ति, टोल फ्री नंबर से समाधान






## खबर संक्षेप

### दीक्षांत समारोह आज

**भिलाई।** प्रथम वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल भिलाई द्वारा दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन 30 अक्टूबर बुधवार को भिलाई में आयोजित किया गया है। सुबह 9 बजे से समारोह शुरु होगा। प्रथम वाहिनी छस बल भिलाई सेनानी राजेश कुकरेजा ने बताया कि भिलाई के ट्रेड आरक्षक पुरुष (अकुशल) बुनियादी प्रशिक्षण सत्र 2024 का दीक्षांत परेड समारोह आईजी राम गोपाल गर्ग के मुख्य अतिथि में संपन्न होगा। समारोह में अतिथि सलामी, परेड निरीक्षण, प्रशिक्षणार्थियों को शपथ ग्रहण, परेड मार्च पास्ट व समीक्षा कम, प्रतिवेदन वाचन, मुख्य अतिथि का भाषण, पारितोषिक वितरण, अतिथि प्रतीक चिन्ह भेट, उप सेनानी द्वारा आभार परेड निष्क्रमण आदि कार्यक्रम होगा।

### कंपनी के गोदाम से लोहे की प्लेट पार

**भिलाई।** लाइट इंडस्ट्रीयल एरिया जामुल स्थित कंपनी के गोदाम से अज्ञात चोर ने लोहे की प्लेट चोरी कर फरार हो गए। शिकायत पर पुलिस ने धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि नेहरू नगर निवासी राहुल देव बंसल ने शिकायत किया है कि लाइट इंडस्ट्रीयल एरिया में ट्रेडर्स कंपनी का जामुल में गोदाम है। 22 अक्टूबर की सुबह पीड़ित को चौकीदार भीम बहादुर सोनी ने उसे चोरी होने की सूचना कॉल कर दी। चेक करने पर पता चला कि गोदाम के बगल बाहर में रखे सामान को अज्ञात चोर लेकर फरार हो गया।

### लूटपाट करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** लूट की वारदगात को अंजाम देने वाले दो युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 309 (2), 351(2), 126(2), 3(5) के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि हरनाबांधा मुक्तिधाम दुर्ग निवासी आयुश यादव ई-रक्शिा चलाने का काम करता है। 26 अक्टूबर की दोपहर ई-रक्शिा में ग्रीन चौक से सवारी लेकर इंदिरा मार्केट लेकर आया। पीड़ित पटेल चौक के तरफ जाने के लिए निकला। तभी सद्धिार्थ नगर शनिचरी बाजार दुर्ग निवासी अरविंद परिहार और उसका साथी डिपरा पारा दुर्ग निवासी शम्भु ऊर्फ राजा ने रक्शिा रोका। पीड़ित के जेब मे रखे आई फोन और नगदी 1200 रुपए लूटकर फरार हो गए थे। दोनों आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

पर्व : करोड़ों का कारोबार इस दिवाली में होने की उम्मीद बढ़ी

# धनतेरस पर जमकर खरीदारी, शाम से रात तक बाजारों में ट्रैफिक से जूझते रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

धनतेरस पर ट्विनसिटी के बाजार जमकर गुलजार हुए। शुभ दिन होने की वजह से लोगों ने जमकर खरीदारी की। हाल यह रहा कि शाम से देर रात तक मार्केट जाने वाले मुख्य मार्ग में जाम लग गया। ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त हो गई। लोग ट्रैफिक से निकलने के लिए जूझते रहे। व्यवसाईयों को करोड़ों का कारोबार एक दिन में ही हो गया।

हरिभूमि सरोकार



### ट्रैफिक अव्यवस्था से लोग हलाकान, बाजारों में लगता रहा लंबा जाम

आकाश गंगा सुपेला, भिलाई पावर हाउस, सर्कुलर मार्केट, जनता मार्केट, लिंक रोड, जलेबी चौक, नंदिनी रोड, सुपेला अंडर ब्रिज से गदा चौक, हार्डवेयर लाइन, मसाला गली, रामनगर मार्केट, इत्यादि सभी जगह पर शाम होते ही जाम की स्थिति निर्मित हो गई। सुपेला और पावरहाउस चौक पर दुर्ग शनिचरी बाजार, मोती कांपलेक्स,सदर बाजार से लेकर रेलवे स्टेशन रोड तक मुख्य मार्ग में लोग घंटो फंसे रहे। यहां पर जाम की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने रूट में भी परिवर्तन किया था। उसके बाद भी स्थिति नहीं सुधर पाई। बाजार के भीतर तक कार ले जाने की वजह से ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ा।

### दीये व सजावटी सामान की जमकर बिक्री

भिलाई-दुर्ग के केवल बाजारों में ही नहीं हर चौक-चौराहों और गली -मुहल्ले में दीये की खरीदारी खूब हुई। गोबर के दिये से लेकर विभिन्न डिजाइनों में तैयार दीए लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। माता लक्ष्मी और ग्वालिन के चित्र वाले दिए की भी डिमांड इस बार ज्यादा देखी गई। इसी तरह सजावटी सामान भी जमकर बिके। इस बार लोगों ने अपने घरों को सजाने के लिए विभिन्न प्रकार की चीजें खरीदी। हाथों से बनाई गई दीवारों पर लगाने वाले झालर, पताका आदि सामान लोगों ने खरीदे। पूजन के सामान भी लोगों ने खरीदी।

### इलेक्ट्रॉनिकस और इलेक्ट्रिकल की खासी खरीदारी



ट्विनसिटी की इलेक्ट्रॉनिकस व इलेक्ट्रिकल दुकानों में इस दिवाली अच्छा कारोबार होने लगा है। वैसे तो पिछले सप्ताहभर से लोग अपने घरों को सजाने के लिए ऐसे आइटम खरीद ही रहे थे लेकिन धनतेरस पर यह और परवान चढ़ा। फ्रीज, वाशिंग मशीन, एलईडी टीवी, कंप्यूटर और विभिन्न प्रकार के लाइट की खरीदी लोगों ने की। करोड़ों रुपए का कारोबार इस दिवाली पर हुआ है। दो दिन और इन सामानों की बिक्री जमकर होगी। इसलिए व्यापारी काफी खुश हैं।

### सराफा व बर्तन बाजार में करोड़ों का कारोबार



धनतेरस पर सराफा और बर्तन की खरीदी शुभ मानी जाती है। इसलिए भिलाई-दुर्ग का सराफा और बर्तन की खरीदारी करने लोग पूरे समय आते-जाते रहे। सुबह से ही धनतेरस के मुहूर्त पर लोग बाजार पहुंचने लगे थे। शाम होने के बाद यह बाजार अपनी चरम पर जा पहुंचा। कारोबारियों के मुताबिक सोने व चांदी के बने जेवर खरीदने में लोगों ने ज्यादा रूचि दिखाई। दीवाली के 15 दिन बाद देवउठनी है। उसके दूसरे दिन से ही शादी-व्याह शुरू होना है। इसे देखते हुए लोग गहने खरीद रहे हैं। कांसे और तांबे के बर्तनों की बिक्री भी खासी हुई है। बाजारों में दुकानों के सामने बर्तनों को सजाया गया था।

### ग्रामीण अंचल के बने दीये पर टैक्स वसूली नहीं



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने सभी नगर निगम, नगर पालिकाओं, नगर पंचायतो को आदेशित किये है, कि इस प्रकार के ग्रामीण अंचलो के बने सामग्रीयों का अधिकतम उपयोग करें। कुम्हारों के बने दिये लाकर गली, मोहल्लो, कालोनियों में कलश दिया, घड़ा, गुलदान, गुल्लक इत्यादि की बिक्री कर रही है। नगर निगम के सभी जोन कमिश्नर, राजस्व अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किये है कि कुम्हारों के बने दिये बेचने वालों का सहयोग किया जाए। लोगों को मिट्टी के बने दिये खरीदने के लिए प्रेरित किया जाए। दिया बेचने वाले कुम्हारो से किसी प्रकार की कर की वसूली न की जाए। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल द्वारा नागरिको से अपील की है कि ग्रामीण अंचल के बने मिट्टी के दियो का अधिक से अधिक उपयोग करें। जिस दिये से हम अपने घरो में रोशनी करेगें, उस दिये को बेच कर जो पैसा मिलेगा, उससे हमारे ग्रामीण अंचल के कुम्हार भाईयों के घरो में भी दीपावली अच्छे से मनेंगी।

## धन्वन्तरि की विशेष पूजा के साथ आयुर्वेद चिकित्सक सम्मानित



**भिलाई।** ट्विनसिटी में आयुर्वेद से जुड़े चिकित्सकों ने मंगलवार को भगवान धन्वन्तरि की पूजा अर्चना की और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। दुर्ग जिला अस्पताल स्थित आयुषविंग और जिला आयुर्वेद अस्पताल धमधा नाका में धन्वन्तरि का विशेष पूजन किया गया। भिलाई के सोसाइटी ऑफ क्लीकल आयुर्वेद कार्यालय संजीवनी प्रियदर्शनी नगर सुपेला में धन्वंतरि पूजा का आयोजन किया गया है। आयुष सोसायटी के सभी सदस्यो ने भगवान धन्वन्तरि की पूजा विधि विधान से की एवं भगवान धन्वंतरि का आशीर्वाद प्राप्त होने की कामना की प्रत्येक परिवार, समाज ,की स्वस्थ रहने की कामना की।

### आयुर्वेद चिकित्सकों का सम्मान



आयुष सोसाइटी द्वारा आयुष दिवस का आयोजन किया। जिसमें आयुर्वेद चिकित्सकों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. संजय शुक्ला ,रजिस्ट्रार, छत्तीसगढ़ आयुर्वेदिक यूनानी एवं प्राकृतिक चिकित्सा परिषद रायपुर रहे। अतिथियों को उपहार स्वरूप शमी के पौधे दिए गए। सम्मानित डॉक्टरों में डॉ. रवि खिचरिया, डॉ. मुकेश जैन, डॉ. सुरेश शर्मा, डॉ. सुधीर हिशीकर, डॉ. अनुज खरे, डॉ. मणि शर्मा, डॉ. ओपी तिवारी, डॉ. ताम्रध्वज सिन्हा, डॉ. केवीएस राव, डॉ. राजेश वर्मा, डॉ. सोनिया हिशिकर, डॉ. मिनी लांजेवार, डॉ. शिल्पा पांडे, डॉ. श्रद्धा चुघ, द्रमनिशा इचे, डॉ. उषा गेदाम, डॉ. वैशाली राजू, डॉ . एसएन साहू, डॉ. आनंद तिवारी, डॉ मनीष अवस्थी, डॉ. शेखर ताम्रकार आदि उपस्थित थे। रूआबांधा में धन्वन्तरि की पूजा की गई। जिसमें डॉ. एसके शर्मा, माधुरी गुप्ता, प्रीति बांधे, नीलम शंडे, एकता धनेश्वर, नेहा वर्मा आदि शामिल हुए।

## सांसद के खेत से सबमर्सिबल पंप और केबल ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

**घटना भिलाई-3 थाना क्षेत्र की**

सांसद विजय बघेल के खेत में लगे सबमर्सिबल पंप और केबल तार को अज्ञात ने 27-28 अक्टूबर की रात चोरी कर फरार हो गए। हो गए हैं। सांसद के खेतों की देखभाल करने वाले रिसाली भाठा निवासी कृष्णा यादव घटना की शिकायत भिलाई तीन थाने में दर्ज कराई है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि कृष्णा ग्राम उरला खार स्थित खेतों की रखवाली करता है। बीते 27 अक्टूबर को रोज की तरह वो खेतों की देख रेख के लिए गया था। शाम 5.30 बजे खेत में बने कमरे में ताला लगाकर अपने घर रिसाली चला गया था। 28 अक्टूबर सोमवार की सुबह 8 बजे जब वो फिर से खेत पहुंचा तो देखा कि खेत में बने कमरे का ताला टूटा पड़ा था। अंदर जाकर देखा तो कमरे के अंदर से सबमर्सिबल मोटर, केबल वायर 500 मीटर 2.5 एमएम और खेत में लगे दो सबमर्सिबल मोटर का केबल वायर करीबन 35 फीट 2.5 एमएम गायब मिला। कृष्णा ने बताया कि चोरी गए सामान की कुल कीमत 45 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस आसपास में चोरी के लोगों की तलाश में जुटी हुई है। पाटन, कुम्हारी और भिलाई तीन के ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों से बोर पंप और तार चोरी की कई वारदाते अब तक हो चुकी है।

## चार वर्षों से फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

चार वर्षों से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने जगदलपुर से गिरफ्तार किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि केम्प-1 निवासी विनित सिंह वर्ष 2021 में प्राणघातक हमला कर फरार चल रहा था। पुलिस में शिकायत के बाद आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। आरोपी का लोकेशन ट्रेस करने के बाद विनित को जगदलपुर में किसी ऑटो पाट्र्स शॉप में काम करने की जानकारी मिली। पुलिस टीम बनाकर जगदलपुर रवाना किया गया। उसे गिरफ्तार कर भिलाई लाया गया। आरोपी विनीत को पकड़ने के लिए सीएसपी हरीश पाटिल ने टीम बनाया। आरोपी की गिरफ्तार के बाद पुलिस को उससे नए तथ्य मिलने के आसार हैं।

## शराब पीकर जनसमस्या निवारण शिविर में पहुंचा बीईओ, निलंबित

**दुर्ग।** संभागायुक्त एसएन राठौर ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम, 1966 के नियम 9 (1) (क) के अंतर्गत घनश्याम प्रसाद बेनर्जी विकासखंड शिक्षा अधिकारी पण्डरिया जिला कबीरधाम को कर्तव्य निर्वहन में गंभीर लापरवाही एवं कदाचार बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। ज्ञात हो कि कलेक्टर कबीरधाम द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार घनश्याम प्रसाद बेनर्जी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी पण्डरिया जिला कबीरधाम ने ग्राम बाधामुड़ा विकासखण्ड पण्डरिया, जिला कबीरधाम में आयोजित जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में मद्यपान कर उपस्थित होकर शासन की छबि धूमिल किया है। घनश्याम प्रसाद द्वारा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 23 का पालन न कर कर्तव्य अवधि में मादक पेय शराब का सेवन कर अवचार किया गया। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, कबीरधाम निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

**घर पर खड़ी कार आग के हवाले:** भिलाई। घर के सामने खडी कार को अज्ञात ने आग के हवाले करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात युवको के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि कृपाल नगर निवासी सुहासपाल निलान्स कट्सि स्कूल कृपाल नगर का संचालक है। 26 अक्टूबर की रात 10 बजे अपनी कार को घर के सामने खड़ी कर रखा था। रात 1.30 बजे पड़ोसी ने दरवाजा खटखटाया तो पता चला कि कार में आग लग गई है। आग बुझाने के बाद घर में लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक करने पर दो युवकों का फुटेज मिला है।




ट्विनसिटी में कहीं-कहीं हुई बारिश, उमस की स्थिति बनी

# चक्रवात दाना के असर से बदला मौसम, बदली व बारिश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

चक्रवाती तूफान दाना का असर अब भी बना हुआ है। मंगलवार को ट्विनसिटी के कुछ जगहों पर हल्की बारिश हुई। पूरे दिन बदली और धूप छांव का खेल चलता रहा। इस स्थिति की वजह से त्योहार पर लोगों को उमसभरी गर्मी झेलनी पड़ रही है। मौसम विभाग ने बुधवार को भी इसी तरह का मौसम रहने की संभावना जताई है। हल्की बारिश कहीं-कहीं हो सकती है। जिसकी वजह से तापमान में भी असर पड़ सकता है।

### ये सिस्टम है सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण छत्तीसगढ़ और उससे लगे उड़ीसा के ऊपर स्थित है। प्रदेश में इसके कारण निम्न स्तर पर काफी मात्रा में नमी आ रही है। भिलाई-दुर्ग सहित प्रदेश में 30 अक्टूबर को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने की भी संभावना है।



### तापमान 32 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार को भिलाई दुर्ग का अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा। यह सामान्य से 1.6 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। न्यूनतम तापमान में भी सबसे ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। जिसकी वजह से ठंड की स्थिति कम हो गई है। कुछ दिन पहले ठंड का एहसास होने लगा था लेकिन दाना चक्रवात के आने के बाद उमस की स्थिति बन गई है। न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जो सामान्य से 3.9 डिग्री सेल्सियस प्लस रहा है। वैसे मौसम विभाग ने कहा है कि बुधवार को न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

### सेहत पर पड़ने लगा असर

पिछले तीन दिनों से मौसम के उतार-चढ़ाव का असर लोगों के सेहत पर पड़ने लगा है। चिकित्सकों के मुताबिक सर्दी, खांसी और फीवर के मरीज बढ़ने लगे हैं। वातावरण में आर्द्रता भी बढ़ गई है। आर्द्रता 90 प्रतिशत तक जा पहुंची है। जिसका असर स्वास्थ्य पर होने लगा है और लोग बीमार पड़ने लगे हैं।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301

हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 30 अक्टूबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129


13



परिचय सम्मेलन की तैयारी

## लाइव इवेंट

### छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह चारोदा में आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के पूर्व अध्यक्ष अशोक चौधरी एवं पूर्व महासचिव बसंत शर्मा ने नव निर्वाचित अध्यक्ष शशिकांत बघेल, महासचिव प्रदीप यादव को आगामी सत्र के लिए कार्यभार सौंपकर बधाई दी। समारोह के मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल, डी के चौबे वित्त अधिकारी दुर्ग, राम विशाल साहू भूतपूर्व महासचिव, अशोक चौधरी छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ, पूर्व महासचिव बसंत शर्मा उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष शशिकांत बघेल, महासचिव प्रदीप यादव, कोषाध्यक्ष सेवा राम साहू, उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी, प्रमोद चौधरी, निरंजन सिन्हा, कोमल मरावी, संगठन सचिव ओम प्रकाश जायसवाल, संयुक्त सचिव चोखलाल पटेल, लोकनाथ निषाद, राम प्रकाश पटेल, रणशाह मंडावी, तीरथ गिरी गोस्वामी, प्रबंध कार्यकारिणी समिति सदस्य हरियंदर शाव, महेश साहू, धीरज बाजपेयी, जीवन मिश्रा, अनिल सिंह, विनोद शुक्ला, रामदास यादव, अनुज प्रताप सिंह को जिम्मेंदारी दी गई है।शपथ ग्रहण समारोह में छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ से इकाई अध्यक्ष एवं सचिव भी शामिल हुए। इस अवसर पर जिला कबड्डी संघ नामदेव साहू बालोद, पीलू राम पारकर दुर्ग ग्रामीण कबड्डी संघ, राजेंद्र साहू भिलाई चारोदा, विकास कुमार बीएसपी, भूपेंद्र यादव दुर्ग, बंशी लाल खैरागढ़, कन्हैया पटेल, राकेश कश्यप कवर्धा, लक्ष्मण नेताम मोहला मानपूर, रिखि राम ठाकुर, मुकेश साहू महासमुंद, नरेंद्र चौहान गरियाबंद, गिरवर निषाद, हरि पटेल शक्ति, आनंद डडसेना रायगढ़, धनेश्वरि निर्मलकर धमतरी उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

### ज़रा सी मुस्कान बांट आएं, दीयों के संग दिलों को भी रौशन कर आए



**भिलाई।** ज़रा सी मुस्कान बांट आएं, दीयों के संग दिलों को भी रौशन कर आए। इस उद्देश्य के साथ अनुभूति श्री फाउंडेशन द्वारा दीपोत्सव के अवसर पर कुछ मेहनतकश जरूरतमंद लोगों को मिठाई, दीया और आने वाली ठंड से बचाने उपहार स्वरूप कम्बल आदि वितरित किया गया। फाउंडेशन की अध्यक्ष डिंपल कौर ने बताया कि लगातार 9 वर्षो से दीपावली के अवसर पर लगातार अलग-अलग स्थानों में आयोजन किये जाते हैं। इसी कड़ी में इस बार दीपावली की पूजा में उपयोग आने वाली पारम्परिक वस्तुएँ बनाने वाले भिलाई के आस पास के गांव व क्षेत्र से जो लोग आते हैं, उन्हें आज संस्था के सदस्यों ने उपहार देकर त्यौहार की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संस्था द्वारा सेक्टर 6 बाजार, रुआबंधा, सिविक सेंटर, पावर हाउस व रिसाली सहित भिलाई के अन्य क्षेत्रों में लभगभ 150 से अधिक पैकेट उपहार स्वरूप वितरित किये गए। इस दौरान अनिता साहू, निखिता कौर, विजया शुक्ला, डिम्पल कौर, बलविंदर सिंह, विक्रम सिंह, परमिंदर सिंह, निशु साहू, मास्टर राजवीर सिंह, बेबी मनरीत कौर सहित सभी सदस्य उपस्थित थे।

### पांच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण में विद्यार्थियों ने देखा प्राकृतिक सौंदर्य





**भिलाई।** घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय के द्वारा शैक्षणिक भ्रमण के लिए पचमढ़ी ले जाया गया। जहां पचमढ़ी के पर्यटन स्थलों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने प्राकृतिक सौंदर्य को देखते हुए धूपगढ़ में सूर्यास्त के मनोरम दृश्य का आनंद लिया। गुप्त महादेव का दर्शन कर पैरासीलिंग का छात्रों ने भरपूर आनंद उठाया साथ ही जटाशंकर के जहां महादेव का दर्शन कर लेक बोटिंग कर छात्रों ने धार्मिक स्थलों के साथ-साथ वहां की सामाजिक और सांस्कृतिक स्थलों को देखा। पांच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण में मध्य प्रदेश के कई दार्शनिक स्थलों को छात्राओं ने बहुत ही करीब से देखा। भ्रमण में दयानंद शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ. राघवेंद्र सिंह गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष दिग्विजय सिंह गुप्ता, उपाध्यक्ष आभा रानी गुप्ता, विधिक सलाहकार डॉ. नागेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, फोटोग्राफर कुलदीप भंडारी महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर मृदुला वर्मा, उपप्राचार्य डॉ. नीतू सिंह विभागाध्यक्ष डॉ. निशा श्रीवास्तव सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रितिका ताम्रकार एवं सभी सहायक प्राध्यापक व कार्यकालीन स्टाफ ने भी शैक्षणिक भ्रमण किया।

घरों को रौशनी से जगमगाने चल रही खरीददारी, सजावट के लिए इलेक्ट्रॉनिक आयटम बना पसंदीदा

# पारंपरिक तोरण, इनडोर आर्टिफिशियल लाइटिंग, डिजाइनर कैंडल व दीपों से जगमगाने लगे घर, सजावट के लिए बने सबकी पसंद

दीपावली के पांच दिवसीय पर्व की शुरुआत धनतेरस से हो गई। मंगलवार को सभी चौक-चौराहों, बाजारों में खरीददारी करने लोगो की खासी भीड़ दिखाई दी। दीपावली का पर्व हर साल की तरह इस बार भी खास बनाने के लिए लोग अपने घरों और दुकानों को सजाने के लिए मार्केट में खरीदारी करते दिखाई दिये। इस अवसर पर लोग अपने घरों को सजाने आर्टिफिशियल लाइटिंग प्लांट्स, कैंडल, डिजाइनर दीपक और आकर्षक प्रवेश द्वार सजाने वाले सामान की मांग करते दिखे। हर कोई अपने घर को खूबसूरती से सजाने के लिए इन सामानों का चयन कर रहा है।






**भिलाई।** दीपोत्सव एक ऐसा त्यौहार है, जिसे हर कोई बेहतर ढंग से सेलीब्रेट करना चाहता है। खास कर घरों, पूजा स्थलों को लाईटिंग कर सजाने की जुगत में रहते हैं। इसमें बच्चे भी काफी रूचि दिखाते हैं। कुछ बच्चे ऐसे होते हैं जो अपने पैरेंट्स से अपनी पसंद के बिजली झालर खरीदवाते हैं। सेक्टर 6 ए मार्केट में दुकान लगाने वाले प्रकाश चंद्र ने बताया कि इस बार आर्टिफिशियल माला सहित अन्य इलेक्ट्रानिक सजावटी सामान अलग-अलग स्थानों से मंगाया गया है। इन आयटमों की कई वैरायटिज एवं रेंज अलग- अलग है। जिसे घर में लगाने से एकदम आकर्षक लगेगा। इसे लोग पसंद भी कर रहे हैं।

### लाइट्स और लड़ी लगाकर बढ़ा रहे घरों की खूबसूरती

शहर में दिवाली उत्सव धूमधाम से मनाने व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। लोग अपने बजट के अनुरूप घर, कार्यालय सजाने रंग-बिरंगी विद्युत झालर सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक आयटमों की खरीददारी कर रहे हैं। बदलते समय के साथ दीयों के अलावा, लोग लाइटिंग का भी इस्तेमाल कर अपने घरों को रोशन कर रहे हैं। दिवाली के कुछ दिन पहले से ही लोग प्लानिंग करने लगते हैं कि कैसे लाइट्स से अपने घर को सजाना है। हालांकि समय कितना भी बदल जाए, लेकिन दिवाली दीयों के बिना अधूरी ही रहती है। इस बार क्लॉथ कैंडल्स का चलन भी काफी बढ़ गया है, जो विभिन्न रंगों में बाजारों में उपलब्ध हैं। इसके अलावा, लैंप वाली लाइट्स और लड़ी के साथ कैंडल लगाकर लोग अपने घर की खूबसूरती को बढ़ा रहे हैं।

### पारंपरिक तोरण व डिजाइनर मोमबत्तियों की मांग

लोगों ने अपने प्रवेश द्वार को आकर्षक बनाने के लिए घंटियों और शीशों से सजाए गए तोरण का इस्तेमाल कर रहे है। विभिन्न आकार के दीपक और घंटियों को ऊंचाई पर लटकाकर क्लासिकल लुक दिया जा रहा है। मोमबत्तियों और सजावटी दीयों से भी घरों की सजावट में नयापन जा रहा है। फ्लोटिंग मोमबत्तियों लिविंग रूम को नया लुक बेने का एक शानदार विकल्प बन चुकी हैं।

### इनडोर प्लांट से घर दिखे आकर्षक

मार्केट में इनडोर लाइटिंग वाले प्लांट भी काफी लोकप्रिय हो गए हैं। ये प्लांट घर के अंदर की खूबसूरती को और बढ़ा रहे हैं। लोग ड्राइंग रूम, बेडरूम और किचन में लाइटिंग के साथ इन प्लांट को सजाकर अपने घर को आकर्षक बना रहे हैं।

## वेस्ट मटेरियल से बनाया दिवाली डेकोर आयटम मानसिक स्वास्थ्य पर दी नाटक की प्रस्तुति



**भिलाई।** । भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग के जीवविज्ञान विभाग, आईक्यूएसी प्रकोष्ठ और इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर नाटक प्रस्तुति और 'वेस्ट मटेरियल से दिवाली डेकोर प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया।

आरंभ में बॉयोटेक्नोलॉजी की विभागाध्यक्ष डॉ. श्वेता एन. और फूड एंड न्यूट्रिशन विभाग की विभागाध्यक्ष सपना पांडे ने बताया कि चिंता तो हर किसी को होती है परंतु इसे बीमारी के तौर पर पहचानना मुश्किल है। अगर कोई विशेष नकारात्मक विचार या परेशानी बहुत लंबे समय तक बनी रहे और उससे आपके दैनिक जीवन पर असर पड़ने लगे तो वह खतरनाक है। इस प्रस्तुति का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को चिंता इंसान के लिए किस प्रकार घातक हो सकती है यह बताया गया। नाटक प्रस्तुति में बायोटेक्नोलॉजी विभाग से कुणाल सेन, बरसा प्रियदर्शनी, डिंपल, रागी, जन्तुविज्ञान से प्रेरणा साहू, टेरीना यादव, बेनजीर खोखर, माइक्रोबायोलॉजी से खिलेश्वर खिलोरिया और जसकीरत फूड एंड न्यूट्रिशन सहित सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

वेस्ट मटेरियल से विद्यार्थियों ने दिवाली सजावट समान बनाएं। जिसमें एमएससी प्रथम सेमेस्टर के प्रांशु शर्मा ने प्रथम स्थान तथा टेरिना यादव एवं प्रेरणा साहू बीएससी पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के अंत में गरिमा बंछोर, बॉयोटेक्नोलॉजी विभाग ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर जंतु विज्ञान विभाग से लीलम चंद्राकर, माइक्रोबायोलॉजी विभाग से प्रियंका सिन्हा और वनस्पति विज्ञान विभाग से युक्ती नॉनहरे सहित लाइफ साइंस विभाग एवं फोरेंसिक साइंस विभाग के समस्त प्राध्यापक एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## बेटी बचाव मंच ने कैंसर पीड़िता की इलाज में की मदद

**भिलाई।** बेटियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से बेटी बचाओ मंच अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए समय-समय पर करते रहते है। इसी कड़ी में बेटी बचाओ मंच और फर्स्ट क्राई स्कूल नेहरू नगर के संयुक्त तत्वावधान में गरीब बच्चों को कपड़े, खिलौने, पटाखे, मिठाइयां वितरित की गईं। कार्यक्रम में दौरान अध्यक्ष स्वाति गुप्ता, महासचिव अवनी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्रुति गुप्ता, कार्यक्रम प्रभारी एवं फर्स्ट क्राई स्कूल की संचालिका सृष्टि अग्रवाल, मालती अग्रवाल सहित सभी स्कूल टीचर्स उपस्थित थे।

बेटी बचाओ मंच द्वारा एक कैंसर पीड़ित महिला को इलाज के लिए पंद्रह हजार रु की राशि प्रदान की गई। इस नेक कार्य रश्मि अग्रवाल, उमा राय, संगीता शर्मा, वर्षा गुप्ता, मृदुला रोजिन्दर, खुशबू सिंह, उपासना, सरिता मिश्र, ज्योति रूसिया, शबाना नाज, सुमन शर्मा, शिरीन पांडे, अवनी अग्रवाल, स्वाति गुप्ता, नेहा जैन ने अपना सहयोग दिया।



तीन दिवसीय आयोजन में जुटेंगे भक्त

# स्कंद षष्ठी समारोह 5 नवंबर से, ऋण मुक्ति व पुरानी बीमारियों से छुटकारा पाने होंगे हवन

कार्नर न्यूज

दीपावली के बाद 5 नवबंर से हुडको के स्कंद आश्रम में तीन दिवसीय स्कंद षष्ठी समारोह का आयोजन आश्रम परिसर में किया जायेगा। जिसमें आसपास सहित दूर-दराज से भी आश्रम के जुड़े भक्त हवन-पूजन में शामिल होंगे। 27वें स्कंद षष्ठी समारोह की शुरुवात 5 नवम्बर को सुबह साढ़े पांच बजे गौ पूजा के साथ की जायेगी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आश्रम के एल.आर. के रेड्डी एवं अध्यक्ष मयंक रस्तोगी ने बताया कि सुबह 6 बजे बिनेश्वर पूजा पुण्यागवचन, श्री आचार्यवर्णम, रिक विक पूजा, कलश स्थापना, सर्वदेवता आव्हान से होगा। इस अवसर पर सुबह 9 बजे नवग्रह हवन, नवग्रह शांति व ऋण मुक्ति के लिए आयोजित किया जायेगा। जिसके बाद वास्तु शांति हवन, स्थल शुद्धि, भूमि प्राप्ति के लिये होगा। 10 बजे वास्तु शांति हवन, मृत्यु दोष निवृत्ति और सभी पुरानी बिमारियों से निवृत्ति के लिए हवन आयोजित किया गया है।



भिलाई। 5 नवम्बर को दोपहर 2 बजे श्री दुर्गा दृष्टि हवन होगी जिसके बाद सभी भक्त सामूहिक प्रसाद ग्रहण करेंगे। शाम को श्री नवचण्डी अराधना शत्रु बाधा निवृत्ति, सफल मनोकामना प्राप्ति, सर्व कार्य सिद्धि व सभी सरकारी कार्यों में सफलता के लिए की जायेगी। शाम 7 बजे से श्री चण्डी हवन होगा और रात 9.30 बजे दीप आराधना के पश्चात सभी भक्तों के लिए सामूहिक प्रसाद का वितरण किया जायेगा।

6 नवम्बर सुबह 7 बजे श्री उच्यिष्ट गणपति हवन कार्यक्षेत्र में निर्विघ्नता एवं उच्च स्तरीय व्यापार की संभावनाओं में वृद्धि और सौभाग्य प्राप्ति के लिए किया जायेगा। शाम को पुत्र प्राप्ति, वंशवृद्धि तथा गर्भ दोष निवारणार्थ संतान गोपाल हवन किया जायेगा। रात 9 बजे शीघ्र विवाह व विवाह बाधा को दूर करने श्री स्वयंवर पार्वती हवन किया जायेगा साथ ही 9.30 बजे श्री सुक्त हवन होगा।

### भजन संध्या में प्रभंजय देंगे प्रस्तुति,,,

7 नवम्बर सुबह श्री सूर्य पारायण, श्री मेघादक्षिणामूर्ति हवन और श्री संकट हरण गणपति हवन होगा। शाम 7 बजे से दृष्टि, अपचार दोष निवृत्ति, बुराई, नकारात्मक, विनाशकारी, अंधेरे बलो, कारावास से राहत और भयो से निवारण के लिये श्री सरभेश्वर हवन किया जायेगा। इस अवसर पर प्रभंजय चतुर्वेदी के भजन संध्या का आयोजन भी किया जायेगा। स्कंदाश्रम के मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र सिंह केम्बो ने बताया कि सभी पूजा एवं हवन स्वामी राघवन शास्त्री एवं तमिलनाडू के सुप्रसिद्ध वेदाचार्यों द्वारा की जायेगी।

सिटी इवेंट

## ऑक्सीजोन ने स्कूली बच्चों संग किया प्री दिवाली सेलिब्रेशन



**भिलाई।** टीम ऑक्सीजोन एनवायरमेंट सोसायटी दवरा सरकारी स्कूल के दो से अधिक बच्चों के संग दिवाली सेलिब्रेशन कर मिठाई व पटाखे वितरित किये गये। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव, दुर्ग विधायक ललित चंद्राकर, अरुण सिंह, सायना कंबोज, हेमंत चौहान, डॉ पीएल साहू, कृष्ण कुमार राव, के के सिंह सहित अनेक जन उपस्थित थे। टीम ऑक्सीजोन एनवायरमेंट 6 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से मानसून में खाली स्थानों में पौधरोपण कर हरियाली फैलाने का कार्य करती है तो दिवाली में इस बार स्कूलों के बच्चों के साथ दिवाली सेलिब्रेशन कर उनके चेहरों में मुस्कान बिखेरा। टीम के सदस्यों दवरा दुर्ग के तीन सरकारी स्कूलों के कक्षा पहली तथा दूसरी के विद्यार्थियों के साथ पहली बार दो सौ से अधिक बच्चों के साथ मिलकर प्री दिवाली सेलिब्रेशन किया। साथ ही बच्चों को कुछ उपहार देकर उनके चेहरे में मुस्कान लाने का प्रयास किया है। टीम ऑक्सीजोन एनवायरमेंट सोसायटी के सदस्यों अनिल कुमार देवांगन, हेमंत राव, सृष्टि देवांगन, डोमेश, विवेक वर्मा, नीरज नायक, अभिलाष सिंह, रोहित देवांगन, सागर अग्रवाल, कामना अग्रवाल, रजत श्रीवास्तव, संजना सिंह, शुभम निर्मलकर, मनीष साहू, ज्योत्स्ना सिंह, माही, लालेंद्र सिंह मांडवी, कुमकुम जैन, ट्विंकल चौधरी, टोमेस साहू, कुणाल,ज्योति साहू, रक्षंदा मेश्राम, भावेश जैन, तरुण कुमार वर्मा, अनुराग त्रिपाठी, विजय कुमार कपिल,अक्षत, उत्तम साहू, विक्रांत आदि उपस्थित थे।

- टीम ने बच्चों को बांटा मिष्ठान



समाज इवेंट

## वेदी पूजन, हवन व पूर्णाहुति कर चित्रगुप्त प्रतिमा की हुई प्राण प्रतिष्ठा



**भिलाई।** भिलाई-दुर्ग के कायस्थजनों की प्रतिनिधि संस्था चित्रांश चेतना मंच भिलाई-दुर्ग द्वारा जवाहर नगर, वार्ड क्रमांक-25 में स्पोर्ट्स काम्पलेक्स के पास श्री चित्रगुप्त मंदिर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पहले दिन मंगल कलश यात्रा निकाली गई। वहीं आयोजन के दूसरे दिन वैदिक विधि विधान से पूजा का क्रम जारी रहा। शाम को आरती में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन पहुंचे। इस दौरान विधायक सेन ने समाज के लोगों को संबोधित भी किया। विधायक ने कहा कि श्री चित्रगुप्त भगवान ने उन्हें दूत के रूप में भेजा है, अब इस मंदिर परिसर को संवारने एवं विकसित करने की जिम्मेदारी मेरी है।

- श्री चित्रगुप्त मंदिर को संवारने की जिम्मेदारी अब मेरी : रिकेश

भिलाई के जवाहर नगर, वार्ड क्रमांक-25 में चित्रगुप्त मंदिर परिसर में चिंत्राश चेतना मंच के द्वारा विगत कई वर्षो से चित्रगुप्त पूजन महोत्सव, दीपावली मिलन, होली मिलन, मुंशी प्रेमचंद जयंती, लाल बहादुर शास्त्री जयंती, डा. राजेन्द्र प्रसाद जयंती एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। मंदिर को ही अब भव्य रूप दिया गया है। समारोह के दूसरे दिन सुबह पंडित सदानंद पांडेय के द्वारा वेदी पूजन सुबह 10 बजे से कराया गया। इसके बाद देव मूर्ति का अन्नाधिवास, वखाधिवास, पुष्पाधिवास के बाद भजन-कीर्तन संध्या को हुआ। समारोह के अंतिम दिन वेदी पूजन, प्राण प्रतिष्ठा सुबह 11 बजे हुई। इसमें हवन, पूर्णाहूति के बाद भोग भंडारा दोपहर-1 बजे से मंचीय कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। विधायक रिकेश सेन का समाज के द्वारा सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर मनोज सिन्हा, सत्यनारायण भटनागर, करुणचंद्र सक्सेना, डा राकेश श्रीवास्तव, संजय खरे, राजेश प्रसाद श्रीवास्तव, कमलकांत श्रीवास्तव, चंद्रकांत श्रीवास्तव, संदीप भटनागर, चित्रांश खरे, अचल श्रीवास्तव, दीपक कुलश्रेष्ठ, राकेश मोहन, एके अमलेश, आशीष सहाय, अनमोल श्रीवास्तव, अंशुमान वर्मा, महिला समाज से रेणू श्रीवास्तव, अपर्णा श्रीवास्तव, किरण श्रीवास्तव, ज्योति श्रीवास्तव, संध्या सक्सेना, नीतू श्रीवास्तव, भारती श्रीवास्तव, मीतू श्रीवास्तव, मालती भटनागर, काजल भटनागर, राजेश्वरी खरे, दीपिका खरे, वर्षा श्रीवास्तव, साधना अमलेश सहित अन्य सामाजिक जन उपस्थित थे।




- दुर्ग की उन पांच महिलाओं की कहानी, जो मेहंदी के दम पर परिवार संभाल रहीं

# मां लक्ष्मी बनकर आई मेहंदी, बदली जिंदगी, बन गईं आत्मनिर्भर, काम को लेकर महिलाओं ने बदल दी धारणा

आलोक तिवारी

**भिलाई।** " मेहंदी लगाना कोई काम होता है क्या...? इससे तो पैसे भी कमाए नहीं जाते। ये तो पार्ट टाइम काम है...कोई बुला लें तो चले जाते हैं और इससे घर नहीं चलता" कुछ यूं ही ताना मारा करती थी दुनिया। लोगों की धारणा भी यही हैं। आज जिनके बारे में आपको बताने जा रहे हैं, उन्होंने इसकी धारणा ही बदल दी। इस दिवाली आपको बताते हैं कि कैसे इनकी जिंदगी में मां लक्ष्मी बनकर मेहंदी आई हैं।

मेहंदी ने इनकी जिंदगी बदल दी। ये कहानी हैं दुर्ग शहर की रहने वाली पांच महिलाओं-युवतियों की, जिनके गुरू हैं मनीष कोठारी। 500 से ज्यादा मेहंदी सीखने वाले रोज इनके पास आते हैं। स्टूडेंट्स हैं। दो से तीन महीने की ट्रेनिंग के बाद आत्मनिर्भर बन रही हैं लड़कियां। अब तक 1 लाख से ज्यादा हाथों में मनीष कोठारी और उनकी टीम ने मेहंदी लगा चुके हैं। महिलाओं ने अपनी लगन से मेहंदी के काम को लेकर बनी पुरानी धारणा को बदलकर आत्मनिर्भर हो चुके है। कैसे इनके मेहंदी ग्रुप ने जिंदगी बदल दी। यही जानेंगे इस रिपोर्ट में...।



### पुष्पा देवांगन, कसारीडीह दुर्ग

- इनकी कहानी भी किसी फिल्म की कहानी से कम नहीं है। पति की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुष्पा के सामने जिंदगी जीने और परिवार को संभालने की चुनौती थी। मेहंदी ग्रुप ज्वाइन की और फिर बदल गई जिंदगी। अपने मायके वापस आईं और पिता के साथ-साथ परिवार का देखभाल शुरू किया। मेहंदी के ऑर्डर मिलने लगे। एक नाम और पहचान दोनों मिला। बच्चे की पढ़ाई से लेकर घर बनाने में मदद करने पुष्पा ने जिम्मेदारी निभाई। मायके में बेटी एक बेटा बनकर काम कर रही हैं वो भी मेहंदी की बदौलत। मनीष कोठारी का योगदान पुष्पा कभी भूल नहीं सकती।

### वर्षा साहू, सुभाष नगर दुर्ग



- 38 वर्षीय वर्षा साहू की कहानी मार्मिक है। 20 साल की उम्र में शादी और उसके एक साल बाद पति की मौत। अंतरजातिय विवाह था। इसलिए जिंदगी जीना किसी चुनौती से कम नहीं थी। जिस वक्त पति की मौत हुई, तब 11 माह का बेटा था। उसकी परवरिश करनी थी और आगे बढ़ना था। वैसे तो मनीष कोठारी को वर्षा ने ही मेहंदी सिखाया था। बाद में मनीष ने ही साथ दिया। मेहंदी ग्रुप ज्वाइन की। काम मिलते गए और जिंदगी बदल गई। बेटे को इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ा रही हैं। नया घर भी बनवा लीं। ससुराल वालों को वैसा साथ नहीं मिला, जिसकी उम्मीद थी। अब मेहंदी ही काम है। महीने में 30 से 40 हजार रुपए की कमाई मेहंदी से हो जाती है।

### रश्मि सोनी, कसारीडीह, दुर्ग



- 32 साल की रश्मि की जिंदगी भी मेहंदी ने बदल दी। शादी नहीं हुई है। क्योंकि घर की जिम्मेदारी संभालना है। पिता बीमार है। बेटी ही सबकुछ मैनेज करती है। जब कोई काम नहीं था तो रश्मि ने मेहंदी ग्रुप ज्वाइन की और फिर ऑर्डर आने लगे। पांच-छह साल से रश्मि मेहंदी लगा रही हैं। दिनरात एक करके परिवार को संभाल रही हैं। हर काम को बखूबी कर रही हैं। पहले लोग ताना मारा करते थे। अब वही लोग सम्मान देते हुए गौरान्वित भी होते हैं। कहते हैं-इस बेटी ने पूरा परिवार संभाल लिया। वो भी मेहंदी के दम पर। रश्मि को भी मनीष कोठारी ने सिखाया और काबिल बनाया।

### संध्या साहू, आदर्श नगर दुर्ग



- 27 साल की संध्या पूरा परिवार संभालती हैं। पिता नहीं है। शादी नहीं हुई और मां बुजुर्ग हैं। जिंदगी से हार मान गई थी, लेकिन मनीष कोठारी के मेहंदी ग्रुप ने संध्या की जिंदगी बदल दी। काम की तलाश थी। मेहंदी सीख लिया। सीजन में खाना खाने की फुर्सत तक नहीं होती। रोज अथक मेहनत और संघर्ष का परिणाम है कि जिंदगी पटरी पर लौट गई है। वो भी मेहंदी की बदौलत। वहीं मेहंदी जिसे लोग कहते हैं ये कोई काम नहीं है। आपको बता दें कि इन्हें मां देवी दुर्गा की हाथों में भी मेहंदी लगाने का सौभाग्य मिलता है। हर बार यह काम बखूबी करती हैं।

### सुनैना यादव, बांसपारा दुर्ग



- 26 साल की सुनैना से मिलिए। परिवार में तीन बहन हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति उतनी अच्छी नहीं। मां चौका-बर्तन करती हैं। सुनैना ने ज्वाइन किया मेहंदी ग्रुप। अब आत्मनिर्भर बन गई हैं। परिवार को संभाल रही हैं। मेहंदी से इतना काम मिला कि बहन की शादी भी सुनैना ने किया है। वहीं परिवार की हर छोटी-बड़ी जरूरतों का ख्याल सुनैना ही रख रही है। अब मोहल्ले और समाज में सुनैना का नाम और पहचान है।

परिचय सम्मेलन की तैयारी

## मनपसंद जीवन साथी चुनने 24 नवंबर को साहू समाज का परिचय सम्मेलन



**भिलाई।** साहू समाज के युवक-युवतियों को अपनी पसंद का जीवन साथी चुननें 24 नवंबर को भिलाई में युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। साहू समाज विगत 2 वर्षों से युवक, युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन करते आ रहा है। इस बार नेहरू संस्कृतिक भवन सेक्टर 1 में आयोजन की तैयारियां चल रही है।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ललित साव ने बताया कि आयोजन में छग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, सांसद विजय बघेल सहित सभी विधायकों को आमंत्रित किया गया है। समाज के प्रमुखों ने बताया कि समाज के कुछ युवा इस समय बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे, मुंबई जैसे बड़े शहरों में भी सेवाएं दे रहे हैं। बाहर नौकरी करने वाले इन बच्चों के लिए युवक-युवती परिचय सम्मेलन खास होगा। उनके लिए वर-वधु की तलाश आसान होगी। इसकी तैयारियों को लेकर समाज के प्रदेश, जिला एवं तहसीलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में विचार विमर्श किया गया।

बैठक में प्रमुख रूप से अध्यक्ष हरिद्वारिका प्रसाद साहू, अमोल दास साहू, उपेंद्र साहू, विमल साहू, मुन्ना लाल साहू, खिलावन साहू, तुलसी साहू, प्रेमलाल साहू, बाबूलाल साहू, शिव कुमार साव, परदेसी राम साहू, थंगेश्वर साहू, अश्वनी साहू सहित अन्य समाजिक जन मौजूद थे।

**युवक-युवतियों का किया जा रहा पंजीयन, तैयारियों को लेकर हुई बैठक**

सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी प्रस्तुति

## सेंट थॉमस कॉलेज के रासेयो इकाई ने किया आस्था वृद्धाश्रम का भ्रमण



**भिलाई।** सेंट थॉमस महाविद्यालय की रासेयो इकाई ने सेक्टर 2 भिलाई स्थित आस्था वृद्धाश्रम का भ्रमण किया। उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय की रासेयो इकाई समय समय पर समाज कल्याण के कार्यों में संलग्न रहती है। इसी कड़ी में आज स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं ने आश्रम में रह रहे वृद्धाजनों को कपड़े, फल एवं बिस्किट का वितरण किया एवं उनके साथ समय बिताया जिसमें छात्रों ने वहाँ के लोगों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया एवं उनका मनोरंजन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एमजी रोईमोन ने कहा कि सेंट थॉमस महाविद्यालय की रासेयो इकाई समय समय पर समाज सुधार एवं समाज कल्याण के कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है। महाविद्यालय के मैनेजर बिशप हिस ग्रेस एलेक्सीओस मार युसेबिओस एवं प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ पीएस वर्गीस ने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई को इस महान एवं पुनीत कार्यक्रम के आयोजन के लिये अपनी शुभकामनायें दी। रासेयो इकाई के स्वयंसेवकों ने प्राध्यापकों एवं छात्रों द्वारा दान में दी गयी राशि को आश्रम के संचालक श्री प्रकाश गेड़ाम को समर्पित किया। कार्यक्रम में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र इखार, रासेयो समिति के सदस्य डॉ सुनीता क्षत्रिय, डॉ रिंसी बी अब्राहम एवं रासेयो स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकायें उपस्थित थी।

शासकीय महाविद्यालय भिलाई-3 में जनजाति उत्सव आयोजित

कार्नर न्यूज

## चित्रकला, आभूषण, नृत्य व गोदना आर्ट स्पर्धा में दिखा उत्साह, सामूहिक नृत्य ने मोहा मन

**भिलाई।** डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई-3 में जनजाति गौरव माह के अन्तर्गत जनजाति उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान जनजाति संस्कृति के विविध पहलुओं की जानकारी व्याख्यान के माध्यम से देते हुए घरेलू उपयोग के साधन, चित्रकारी कला, वस्त्र- आभूषण, नृत्य, पोस्टर निर्माण, गोदना, आदिवासी समूह नृत्य आदि प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि पूर्व प्राध्यापक डॉ के के अग्रवाल एवं विशेष अतिथि प्राचार्य डॉ.अमृता कस्तूरे द्वारा माता सरस्वती, भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, रानी दुर्गावती, भगवान बिरसा मुंडा, वीर नारायण सिंह के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर की गई। कार्यक्रम की संयोजक सहायक प्राध्यापक मंजू दाण्डेकर ने कार्यक्रम की रुपरेखा, समय सारणी और आयोजन का उद्देश्य बताया। सभी अतिथियों ने महाविद्यालय ने चित्रकला प्रदर्शनी का अवलोकन किया।



### ऐतिहासिक स्थानों की दी जानकारी

व्याख्यान के मुख्य वक्ता डॉ.के.के. अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ की जनजातियो में धातु शिल्प ज्ञान का गौरवशाली इतिहास विषय पर छत्तीसगढ़ के अनेक ऐतिहासिक महत्वपूर्ण स्थानो का सन्दर्भ सहित प्रमाणिकता के साथ प्रकाश डाला। उन्होंने राष्ट्रीय चेतना एवं स्वतंत्रता आंदोलन में जनजाति समाज के योगदान एवं नेतृत्व पर विस्तार से जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. अमृता कस्तूरे ने कहा कि आदिवासी प्रकृति के सानिध्य में रहकर, प्रकृति का संरक्षण करते हुए जीवनयापन करते है इसलिये हमें इनसे प्रकृति का संरक्षण, लोक सस्कृति, जीवन सादगी सीखने की आवश्यकता है।

### कार्यक्रम में किया गया पुरस्कृत

व्याख्यान के बाद आदिवासी समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में सहयोगी प्राध्यापक डॉ.कल्पना देशपांडे, डॉ मंजुला गुप्ता, डॉ. ममता सर्राफ, रेणू वर्मा, अतिथि प्राध्यापक खोमन बंछोर, राकेश साव, कमुन वर्मा, संतराम साहू, डॉ. चूडामणी वर्मा, डा. पूजा यादव, वर्षा सुर्यवंशी पूजा देवांगन, डाळी सोनी, एन. सुषमा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन सहा. प्राध्यापक समाजशास्त्र उमा आडिल ने किया। कार्यक्रम की सह संयोजक सहा. प्रा. रसायनशास्त्र योगिता ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में पुरस्कृत विद्यार्थीयों में प्रथम स्थान में मिनाक्षी साहू, मानसी साहू, पूरब सारथी, मेद्या वर्मा, दिक्षा, तुलेश्वरी, पूजा, मोनिका वर्मा सहित काफी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## डीएवी मॉडल कॉलेज में दीपावली मिलन का सफल आयोजन



**भिलाई।** आर्य शिक्षा समिति दुर्ग-भिलाई, द्वारा दीपावली मिलन का सफल आयोजन डीएवी मॉडल कॉलेज, आर्य नगर, दुर्ग के गुलाबचंद बंसल मेमोरियल हॉल में किया गया। इस अवसर पर आर्य शिक्षा समिति, दुर्ग-भिलाई, द्वारा संचालित डीएवी मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल, आर्यनगर तथा डीएवी मॉडल कॉलेज बी.एड. पाठ्यक्रम, आर्यनगर दुर्ग के प्राचार्य, प्रधान पाठिका, शिक्षकगण, सहायक प्राध्यापकगण एवं समस्त कर्मचारियों को सम्मान राशि एवं मिठाई उपहार स्वरूप भेंट की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य शिक्षा समिति, दुर्ग-भिलाई के अध्यक्ष विनीत बंसल द्वारा की गई। अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में बताया कि यह पर्व हमें आपसी सद्भाव व प्रेम के साथ मनाना चाहिए, दीपावली में महालक्ष्मी का पूजन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम चन्द्र के आयोध्या आगमन एवं कई धार्मिक व कृषि संबंधी परंपराओं की याद दिलाता है। दीपावली के दिन ही स्वामी दयानंद सरस्वती का निर्वाण हुआ था। आर्य शिक्षा समिति, दुर्ग-भिलाई के उपाध्यक्ष विनीत श्रीवास्तव, सचिव संतोष शर्मा व कोषाध्यक्ष सुजीत खरे कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### बजरंग दुबे ने जिपं. सीईओ का पदभार ग्रहण किया

**दुर्ग।** जिला पंचायत दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे राप्रसे ने आज पदभार ग्रहण किया। पूर्व में वे अपर कलेक्टर दुर्ग रह चुके हैं। आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई रह चुके है। वे 2014 बैच के राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारी हैं। आम जनता से जुड़ कर उनके हित में काम करने की चाह लेकर प्रशासनिक अधिकारी बने। उनका मानना है कि जरुरतमंद आम जनता के हित में कार्य करने से उन्हें सुकून मिलता है। जिला पंचायत दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे का कहना है कि ग्रामीण विकास के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का समूह बनाकर आजीविका संवर्धन सुपोषण, आवास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर फोकस रहेगा। समस्याओं का गांव में ही हो निदान इसके लिए मॉनिटरिंग पर जोर दिया जाएगा। उनका कहना है कि ग्राम पंचायत को सशक्त कर इसे ग्रामीण क्षेत्र में आजीविका में वृद्धि करने का प्रयास करेंगे। कुछ ग्राम पंचायतों को मॉडल बनाएंगे, जहां हर योजना का क्रियान्वयन अच्छे से हो सकें।

### पटाखा दुकानों पर कर्रवाई हेतु दल गठित

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा फटाखों के उपयोग के संबंध में पारित आदेश के पारिपालन में आवश्यक कार्यवाहियां हेतु जांच दल गठित किया है। जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार नगर पालिक क्षेत्र हेतु आयुक्त नगर पालिक निगम संबंधित क्षेत्र, अनुविभागीय दण्डाधिकारी संबंधित क्षेत्र एवं नगर पुलिस अधीक्षक संबंधित क्षेत्र तथा नगर पालिका परिषद नगर पंचायत, ग्राम पंचायत क्षेत्र हेतु अनुविभागीय दण्डाधिकारी संबंधित क्षेत्र, नगर पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस संबंधित क्षेत्र एवं मुख्य नगर पालिका नगर पंचायत अधिकारी संबंधित क्षेत्र जांच दल में शामिल किये गये हैं। उक्त दल को अवैध रूप से संचालित फटाखा दुकानों पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं।

### दर निर्धारण के लिए समिति गठित

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नगर पालिका पंचायत द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगर पालिकाओं तथा त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 हेतु मत पत्र मुद्रण कराने के लिए दर निर्धारण एवं निविदा सूचना प्रकाशन हेतु समिति गठित की गई है। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार अपर कलेक्टर दुर्ग समिति के अध्यक्ष होंगे तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी, स्थानीय निर्वाचन, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी दुर्ग, डिप्टी कलेक्टर, प्रभारी अधिकारी, वित्त स्था कार्यपालन अभियंता सड़क एवं भवन लोनिवि दुर्ग और कार्यपालन अभियंता इलेक्ट्रिक एवं मशीनरी लोनिवि दुर्ग सदस्य बनाये गये हैं।

# धनतेरस पर बाजार में बरसा धन, सवा दो करोड़ का मिला राजस्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

धनतेरस के ही दिन करीब 251 रजिस्ट्री से राज्य शासन के खजाने में दो करोड 38 लाख रूपए से अधिक का राजस्व मिला हैं। इससे एक दिन पहले 228 रजिस्ट्री से सरकार को एक ही दिन में दो करोड 68 लाख रूपए का राजस्व मिला था। जिला पंजीयक द्वारा पर्व के चलते पांच से सात बजे तक टाइमिंग बढा दी गई है। जिसके बाद देर रात पक्षकार रजिस्ट्री कराने डटे हुए हैं।

उल्लेखनीय हैं कि, दीपावली पर्व पर हर साल रियल स्टेट बाजार बूम हो जाता हैं। जानकारों की माने तो इस बार की कारोबार ने पिछले साल का रिकार्ड तोड दिया हैं। बहरहाल सुबह से देर रात तक रजिस्ट्री कराने की प्रक्रिया चल रही हैं। जिला पंजीयक प्रियंका श्रीरंगे ने बताया कि, पर्व को देखते हुए पांच से सात बजे तक कार्यालय की टाइमिंग की गई हैं, ताकि पक्षकारों को सहुलियत हो सके। जिला पंजीयक को पिछले साल राज्य शासन 360 करोड का टारगेट दिया गया था। लेकिन इस बार शासन ने इसे बढाकर 385 करोड रूपए कर दिया है। जानकारी अनुसार अप्रैल माह से सितंबर 2024 तक जिला पंजीयक के खजाने में 50 फीसदी के करीब राजस्व प्राप्त हो चुका है। वही वर्ष 2022 में टारगेट 308 करोड रूपए था। बहरहाल टारगेट में सीधे 25 करोड का इजाफा करने से अफसरों के भी होश उडे है। हांलाकि तीस फीसदी छूट समाप्त करने के कारण राजस्व प्राप्त करने में कोई परेशानी भी नही होगी।

## रियल स्टेट बाजार में जमकर हो रही जमीन की खरीदी-बिक्री

### सितंबर तक की स्थिति में पचास फीसदी राजस्व

इस बार जिला पंजीयक को 385 करोड रूपए का टारगेट दिया गया है, जिसमें अप्रैल माह से सितंबर तक दुर्ग, पाटन और धमधा से 181 करोड रूपए का राजस्व प्राप्त हो चुका है। इसमें सबसे ज्यादा दुर्ग में 148 करोड 49 लाख 92 हजार के कारोबार से राजस्व मिला है, जबकि पिछले साल यहां इसी अवधि में सिर्फ 130 करोड का राजस्व मिला था। बात करे पाटन की तो यहां पिछले साल से दो करोड की अधिक आमदनी और धमधा में भी 60 करोड अधिक का राजस्व मिला है।




### सराफा बाजार में भी जमकर ग्राहकी

रियल स्टेट के आलावा सराफा बाजार में भी ग्राहकी उमडने लगी हैं। व्यापारियों की माने तो इस दीवाली तीन सौ करोड के कारोबार का अनुमान लगाया गया हैं। जिला सराफा के अध्यक्ष प्रकाश सांखला का कहना है कि, भले ही इस सीजन सोने में 35 फीसदी की दर में बढोत्तरी हुई है, लेकिन इसके बाद भी ग्राहक कम नही हुई है। बताया जा रहा है कि, रेट बढने से लोग इन्वेस्ट करने के तौर पर खरीदी कर रहे है। यही कारण है कि, पीला सोने की भी बाजार में जमकर डिमांड हैं। इसके अलावा इलेक्ट्रानिक, बर्तन और कपडा दुकान भी गुलजार हैं।

## त्रिस्तरीय चुनाव : निर्वाचक नामावली का किया प्रारंभिक प्रकाशन

# अवकाश के दिनों में भी लेंगे दावा आपत्ति, टोल फ्री नंबर से समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छग द्वारा आगामी त्रिस्तरीय चुनाव के लिए प्रारंभिक प्रकाशन किए जाने के बाद चुनाव की हलचल तेज हो गई हैं। प्रारंभिक प्रकशन के बाद अब लोगों में चुनाव की तारीख को लेकर जोरो से चर्चा होने लगी हैं।

निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता एक जनवरी 2025 के प्रारंभिक प्रकाशन के संबंध में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जानकारी दी गई। प्रारंभिक प्रकाशन के बाद आगामी 29 अक्टुबर से 28 नवंबर तक जहां दावा आपत्ति लिए जाएंगे, वही एक जनवरी 2025 की स्थिति में 18 वर्ष पूरा करने वाले वोटर अग्रिम आवेदन जमा कर सकेगें। आयोजित राजनीतिक दलों एवं मीडिया प्रतिनिधियों को एडीएम अरविन्द एक्का और उप जिला निर्वाचन अधिकारी विरेन्द्र सिंह द्वारा निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन के संबंध में जानकारियां दी गई। उन्होंने बताया कि, आज 29 अक्टूबर 2024 को निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया है। इसके साथ ही समस्त मतदान केन्द्रों में दावा-आपत्ति प्राप्त करने का कार्य किया जा रहा है।

## जिला प्रशासन ने प्रारंभिक प्रकाशन किया, दी गई विस्तृत जानकारी



### 6 जनवरी 2025 को होगा अंतिम प्रकाशन

प्रारंभिक प्रकाशन 29 अक्टूबर को किया गया। 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर 2024 तक केन्द्रों में दावा-आपत्ति प्राप्त करने का कार्य किया जाएगा। वही 9 नवम्बर 2024 (शनिवार), 10 नवम्बर 2024 (रविवार) एवं 16 नवम्बर 2024 (शनिवार), 17 नवम्बर 2024 (रविवार) को भी दावा आपत्ति प्राप्त करने का कार्य किया जाएगा। दावा आपत्ति का निराकरण 24 दिसम्बर 2024 (मंगलवार) तक किया जाएगा। दावा आपत्ति के तहत प्राप्त आवेदनों के निराकरण उपरांत निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 (सोमवार) को किया जाएगा। सतत अद्यतीकरण के तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, काटने एवं संशोधन के लिये कार्यालयीन दिवस में किसी भी दिन तहसील कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। जिनकी उम्र 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष पूर्ण होगी तथा जिनका किसी कारणवश सूची में दर्ज नहीं है, वे अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए आवेदन कर सकते हैं। आगामी 01 जनवरी के साथ ही 1 अप्रैल, 1 जुलाई, 1 अक्टूबर 2025 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवा भी अपना अग्रिम आवेदन दे सकते हैं। मतदाता सूची से नाम विलोपन हेतु प्रारूप 7 में, मतदाता सूची की प्रविष्टियों में सुधार के लिये तथा एक ही विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्थानांतरण की दशा में प्रारूप 08 में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। किसी भी जानकारी के लिये टोल फ्री नंबर 1950 में कार्यालयीन दिवस में प्रातः 10 बजे से सायंकाल 05.30 तक की अवधि में संपर्क कर सकते हैं। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, काटने, संशोधन एवं स्थानान्तरण के लिये वोटर्स डाट इन जीओ वी पोर्टल, वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते है तथा मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकते हैं।

### जिले में 14 लाख से अधिक वोटर

जानकारी अनुसार 29 अक्टूबर 2024 की स्थिति में विधानसभा 62 पाटन में मतदान केन्द्र 250, महिला मतदाता 107798 और पुरूष मतदाता 109403, विधानसभा 63 दुर्ग ग्रामीण में मतदान केन्द्र 230, महिला मतदाता 108894, पुरूष 110186 एवं अन्य 05, विधानसभा 64 दुर्ग शहर में मतदान केन्द्र 226, महिला मतदाता 113467, पुरूष 118891 एवं अन्य 21, विधानसभा 65 भिलाई नगर में मतदान केन्द्र 169, महिला मतदाता 81526, पुरूष 81595 एवं अन्य 03, विधानसभा 66 वैशाली नगर में मतदान केन्द्र 258, महिला मतदाता 125535, पुरूष 126105 एवं अन्य 10, विधानसभा 67 अहिवारा में मतदान केन्द्र 264, महिला मतदाता 117257, पुरूष 119804 एवं अन्य 10, विधानसभा 68 साजा (आंशिक) में मतदान केन्द्र 101, महिला मतदाता 44296, पुरूष 43710 एवं अन्य 02 और विधानसभा 69 बेमेतरा (आंशिक) में मतदान केन्द्र 22, महिला मतदाता 9331 एवं पुरूष 9221 है। इस तरह सभी विधानसभा क्षेत्र से मतदाताओं की संख्या 1427070 है। इस दौरान बताया गया कि ईपी रेटियों 67.61 और जेण्डर रेटियों 1015 है।

# बर्खास्तगी से डाटा एंट्री आपरेटरों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला अस्पताल में कार्यरत दो डाटा एंट्री आपरेटरों को बर्खास्त किए जाने से आक्रोश बढ गया हैं। इस मामले में पीडित आपरेटरों ने कार्यकारी प्रांताध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर समस्या बताई हैं।

- संघ के प्रांता अध्यक्ष ने सीएस को लिखा पत्र

जिसके बाद प्रांताध्यक्ष ने सीएस को पत्र लिखकर वास्तविकता की जांच करने की मांग की हैं।

उल्लेखनीय है कि, विगत 5 अक्टूबर 2024 को जिला चिकित्सालय दुर्ग का औचक निरीक्षण के दौरान अपने कर्तव्य स्थल पर 9 बजें अनुपस्थित स्मिता तिवारी डाटा एन्ट्री आपरेटर एवं दुर्गा परतेती डाटा एन्ट्री आपरेटर अपने कर्तव्य पर अनुपस्थित पाये गए थे। जिस पर उन्हें 23 अक्टूबर 2024 को सिविल सर्जन द्वारा बगैर नोटिस जारी किए सेवा समाप्ति की आदेश दे दिया गया हैं। प्रांताध्यक्ष वीएस राव द्वारा सीएस को लिखे गए पत्र में कहा गया हैं कि, जिला अस्पताल में 2014 से लगातार ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ दोनो आपरेटर कार्य कर रहे हैं। किसी भी प्रकार की शिकायत नही रही है। उस दिन भी ये लोग अपने टेबल पर समय 8:50 को उपस्थित थें, जिसका आप सीसीटीवी फुटेज से अवलोकन कर सकते हैं। स्मिता तिवारी द्वारा रात्रि कालीन ड्यूटी



कर्मचारी पंकज सिंह राजपूत को कार्यमुक्त करते हुये आपात कालीन गंभीर मरीजो को प्राथमिकता देते हुये बिलिग 11940 रू के साथ ओपीडी एवं आईपीडी दोहपर 2 बजे तक पर्ची काटी गई। जबकि परमेश पुरी जिनका डयूटी आपातकालीन में था, जो कि समय पर नही पहुंचने के कारण उनके स्थान पर जाकर आपातकालीन डयूटी का कार्य स्मिता तिवारी द्वारा किया गया। वही दुर्गा परतेती जो 30 मिनट मात्र देर से पहुंची। उनके बच्चे का स्वास्थ्य ठीक नही था। प्रातांध्यक्ष ने मांग की है कि, लगतार 10 वर्षो से कार्य कर रही महिला कर्मचारियो को पुनः सेवा सहानुभूति दिखाया जाए।

## आम मुख्तार नामा निरस्ती पत्र

पक्षकार क्रमांक 1. :- श्रीमती सरला शर्मा, उम्र 44 वर्ष, ध. प. श्री जितेन्द्र शर्मा, पिता स्व. भवानी प्रसाद शर्मा, लिंग - स्त्री, जाति - ब्राह्मण (सामान्य), व्यवसाय - गृहिणी निवासी :- मकान क्र. 148, ग्राम व पो. सांकरा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन 491111 आधार नं. 4889 4237 6789 मो.नं. 7725074175

पक्षकार क्रमांक 2. :- संजय कुमार वर्मा, उम्र 30 वर्ष, आत्मज श्री नागेश्वर प्रसाद वर्मा, लिंग पुरूष, जाति कुर्मी (अ.पि.व.), व्यवसाय - व्यापार निवासी :- ग्राम व पो. मर्रा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन 491111 आधार नं. 7149 6944 8193 मो.नं. 9993856328

यह कि मुझ पक्षकार क्र.1 एवं अन्य के शामिलात नाम से वाके मौजा सांकरा, प.ह.नं.08, रा.नि.मं. अमलेश्वर, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) में भूमिस्वामी हक की जमीन है, जिसका खसरा नं. 713, 1707/1, 1707/2, 1707, 475, रकबा 1.060 हे., 10.030 हे., 0.470 हे. है। मुझ पक्षकार क्र. 1 एवं अन्य सहखातेदारों ने अपनी उक्त वर्णित जमीन की देखभाल, इंतजामात एवं विक्री करने के लिए पक्षकार क्र. 2 को अपना आम मुख्तार नियुक्त किया था, जिसके सम्बन्ध में मुझ पक्षकार क्र. 1 एवं अन्य सहखातेदारों द्वारा पक्षकार क्र.2 के नाम से पंजीकृत आम मुख्तार नामा निष्पादित किया गया था, जिसका पंजीयन मुख्यालय उपपंजीयक कार्यालय दुर्ग में दिनांक 20/06/2024 को दुर्ग-एस.आर.2, पुस्तक क्र. अति.4, ग्रंथ क्र. 1856, पृष्ठ क्र. 450 से 471 तक, दस्तावेज क्र.सी.जी. 2024-25-112-4-208 देकर पंजीबद्ध किया गया है।

यह कि मुझ पक्षकार क्र.1 को वर्तमान में अब उक्त वर्णित आम मुख्तार की आवश्यकता नहीं है तथा मैं स्वयं अपनी उक्त वर्णित जमीन की देखभाल, इंतजामात एवं विक्री करने हेतु सक्षम है, इसलिये मैं पक्षकार क्र. 1 उक्त वर्णित जमीन में से अपने हक व हिस्से की भूमि के सम्बन्ध में पक्षकार क्र. 2 के नाम से निषादित उक्त वर्णित पंजीकृत आम मुख्तार नामा को निरस्त करना चाहती हूँ, इसलिये मैं पक्षकार क्र. 1 उक्त वर्णित पंजीकृत आम मुख्तार नामा को निरस्त करते हुए यह आम मुख्तार नामा निरस्ती पत्र तहरीर करती हूँ कि अब मैं पक्षकार क्र. 1 अपनी उक्त वर्णित जमीन में से अपने हक व हिस्से की देखभाल, इंतजामात एवं विक्री स्वयं करूंगी तथा पक्षकार क्र.2 द्वारा आज दिनांक के पश्चात उक्त वर्णित जमीन में से मेरे हक व हिस्से की जमीन के सम्बन्ध में किया गया कोई भी कार्य मुझ पक्षकार क्र. 1 पर बंधनकारी नहीं होगा। अतः यह आम मुख्तार नामा निरस्ती पत्र तहरीर कर दिया कि सनद रहे व वक्त जरूरत पर काम आए। टीप :- यह कि मुझ पक्षकार क्र. 1 द्वारा पक्षकार क्र.2 को आम मुख्तार निरस्तीकरण की सूचना दूरभाष के माध्यम से दिया जा चुका है। इस दस्तावेज में काट-छांट नहीं है।

प्रारूपकर्ता :-
इन्द्र कुमार स्वर्णकार
अधिवक्ता जिला न्यायालय, दुर्ग (छ.ग.)

हस्ताक्षर पक्षकार क्रमांक 1.
दिनांक: 01/10/2024 (श्रीमती सरला शर्मा)

# सदस्यों ने ग्रामीण सेवा यांत्रिकी विभाग के कार्यों पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

विगत दिनों संचार एवं संकर्म् कमेटी की बैठक सदस्यों ने अफसरों पर नाराजगी जताई। जिसमें सभापति

- संचार एवं संकर्म कमेटी की बैठक में उठा मामला

एवं सदस्यों ने आक्रोशित होते हुए कहां कि, लोक सेवा यांत्रिकी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा सहयोग न मिलने के कारण पंचायत सेक्टर के एवं ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के निर्माण कार्य में गति नहीं आ रही है। जिस पर सारे सदस्यो ने नाराजगी जाहिर की।

गौरतलब है कि, लगातार अनुभागीय अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी जनपद उप यंत्री लगातार स्थानांतरण का शिकार हो रहे है, इसलिए काम में प्रगति नहीं आ रही है। सभापति टिकेश्वरी लाल देशमुख ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि 15 दिन के तहत पंचायत सेक्टर के सारे कार्यों की उपलब्धि के साथ आगामी बैठक में उपस्थित हो साथ ही र्आरइएस एवं ग्राम पंचायत के कार्यों की 15 दिवस तक प्रगति की रिपोर्टिंग प्रस्तुत करें। उन्होंने जल संसाधन विभाग के प्रस्तावित कार्य, अछोटी नदी पिचिंग कार्य आलबरस नदी पिचिंग कार्य, भरदा शिवनाथ नदी पिच्चिंग कार्य के लिए प्रकरण तैयार कर बजट प्रावधान हेतु प्रशासनिक कार्यवाही के लिए निर्देश दिया। सभापति ने कहा कि, दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में उद्दहन सिंचाई योजना- भरदा , चंदखुरी, पौवारा, थानौंद, जांजगिरि जैसे अन्य ग्रामो मे मृत पड़ी हुई है। बैठक में मनरेगा 15वी वित्त आयोग जनपद निधि एवं अन्य निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर सभी विभाग के अनुभागीय अधिकारी उपयंत्री सहित समिति के सदस्य भाना बाई ठाकुर, प्रीति वैष्णव, हेम कुमारी देशमुख, डोमन भारती, दीपिका चंद्राकर, डोमेश्वरी देशमुख सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



## पर्व के पहले निगमकर्मियों के खाते में ट्रांसफर हुई सैलरी

**दुर्ग।** निगम के 2 हजार नियमित कर्मियों के खाते में वेतन की रकम डाल दी गई है। दीपावली पर्व को देखते हुए प्रत्येक नियमित कर्मचारियों को भुगतान कर दिया गया है। निगम के 2 हज़ार नियमित और प्लेसमेंट कर्मचारियों को दिपावली के पूर्व उनके खाते वेतन खाते में जमा करवाया गया। महापौर और निगमायुक्त ने दीपावली पर्व को देखते हुए वेतन की राशि खाते में जमा कराते हुए दीपावली पर्व की अग्रिम बधाई दी है।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्युलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
/KitchenGalaxyNXModular
₹60,000 ₹90,000 ₹1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6 & 7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

## धमधा नाका स्थित अस्पताल में कार्यक्रम का आयोजन

# विधायक ने कराया आयुर्वेद का स्वर्णप्राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद का नवाचार अंतर्गत 9वें आयुर्वेद दिवस में बतौर मुख्य अतिथि के रूप पहुँचे

- धनवंतरि जयंती पर किया गया कार्यक्रम

विधायक गजेंद्र यादव स्वस्थ एवं निरोगी काया के लिए आयुर्वेद अपनाने उपस्थितजनों को सम्बोधित किये। उन्होंने मौसम के अनुसार फल एवं सब्जियों का आहार में शामिल करने अपील किये। इस दौरान बच्चों को आयुर्वेद का स्वर्णप्राशन कराकर उनके स्वस्थ्य सेहत की कामना किये।

धमधा नाका दुर्ग स्थित जिला आयुर्वेदिक अस्पताल में धन्वंतरि जयंती के अवसर पर 9वां आयुर्वेद दिवस आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि, प्रथम सुखी वही जो निरोगी काया। प्रकृति से उत्पादित वस्तुओं को ही भोजन में शामिल करे। सनातन धर्म का बहुत अच्छा पर्व है दीपावली। प्रथम दिन हम सभी स्वस्थ रहे इसलिए भगवान धन्वंतरि का पूजा अर्चना कर जयंती मनाते है। दीप प्रकाश का प्रतिक होता है। प्रकाश ऊर्जा का प्रतीक है, अंधियारे से उजाले की ओर जाते है। इस दौरान पार्षद कांशीराम कोसरे, पार्षद उषा ठाकुर, सुनील अग्रवाल, सुनील साहू, उमेश यादव, महेंद्र यादव, संदीप भाटिया सहित अस्पताल कर्मचारी उपस्थित रहे।



### बच्चों के साथ मिलेट्स उत्पाद का आनंद

जिला आयुर्वेदिक अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में महिला समूह द्वारा कोदो, कूटकी, रागी से बने खाद्य पदार्थो का स्टॉल लगाया गया था जिसका विधायक गजेंद्र यादव ने अवलोकन किया। इस दौरान उपस्थित बच्चों के साथ मिलेट्स उत्पाद से बने विभिन्न पौष्टीक व्यंजन का आनंद लिए और महिला समूह के सदस्यो को प्रोत्साहित किया।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



समस्त प्रदेशवासियों को
धनतेरस, दीपावली
गोवर्धन पूजा, मातर
एवं भाई दूज की
हार्दिक शुभकामनाएं...
मनोज (गोलू) चंद्राकर
सांसद प्रतिनिधि अंडा
ललित चन्द्राकर
विधायक दुर्ग ग्रामीण - 63
उपाध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा)
छ.ग. राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग
क्षेत्र विकास प्राधिकरण
छत्तीसगढ़ शासन रायपुर




समस्त ग्रामवासियों को धनतेरस, लक्ष्मी पूजा, दीपावली एवं भाई दूज की हार्दिक बधाई...
UltraTech CEMENT
The Engineer's Choice
शिव शक्ति ट्रेडर्स
मेन रोड, चंदखुरी, जिला-दुर्ग
सीमेंट, TMT के
थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
प्रो.-
खिलेन्द्र देशमुख




सबसे अच्छा
दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
सबसे सस्ता
आपका विश्वास हमारी सफलता
खुशियां के पल .... सजल साड़ी के संग
सज़ल
साड़ी कलेक्शन
हमारे यहां साड़ी एवं सूट की
नई वैरायटी उपलब्ध है।
आकर्षक और उच्च क्वालिटी की
साड़ी एवं सूट
सस्ते दाम पर
आज ही खरीदें।
पता - शॉप नं. 01, मंडल कॉम्पलेक्स बिनायकपुर रोड, अंडा
प्रो. सज़ल मो. 7898435443




समस्त प्रदेशवासियों को
धनतेरस, दीपावली एवं
गोवर्धन पूजा की
हार्दिक शुभकामनाएं...
डॉ. दयाराम साहू
पूर्व विधायक
गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र
श्रीमति रमशीला साहू
पूर्व मंत्री, महिला बाल विकास
एवं समाज कल्याण विभाग (छ.ग.)
विनीत- समस्त भारतीय जनता पार्टी दुर्ग ग्रामीण विधानसभा




सस्ता है... सस्ता है... सस्ता है...
आर.पी. इन्टरप्राइजेस
स्थान- विनायकपुर रोड बस स्टैण्ड अण्डा, दुर्ग (छ.ग.)
हर सामान की खरीदी पर पाये दीवाली उपहार
फ्रीज पर आयरण फ्री
LED Smart TV पर छतरी फ्री
कुर्सी 4 नग पर 1 स्टूल फ्री
सोफा पर टी टेबल फ्री
आरमिरा 78'' पर 1000 के चांदी के नोट फ्री
दीवान 4x6 पर गद्दा तकिया फ्री
कुलर पर बल्टी एवं मग्गा फ्री
वाशिंग मशीन पर 50 लीटर टप फ्री
अमीत साड़ी सेंटर
सबसे सस्ता साड़ियों एवं शर्ट आदि का अनुपम संग्रह
टी शर्ट 99 से
शर्ट 199 से
जींस 299 से
टॉप 99 से
साड़ी 149 से
गर्ल जींस 199 से
बच्चों के आकर्षक एवं फैंसी कपड़े
4000 की खरीदी पर चांदी कर सिक्का फ्री
सुरत की साड़ी सुरत की दाम में
गुजराती साड़ी, साउथ कॉटन, साउथ सिल्क, बनारसी सिल्क एवं अन्य फैंसी साड़ियों की विशाल रेंज उपलब्ध है।
लड़कियों की जींस, टॉप, कुरती, लेगिंस, जेगिंस, प्लाजो, शर्ट, टीशर्ट, लड़कों के जींस
(Black Fox Nostrum Levee)
शुभ दीपावली
प्रो. अमित चन्द्राकर
स्थान : विनायकपुर रोड बस स्टैण्ड अण्डा, दुर्ग (छ.ग.)
मो. 8839299003, 9753088258, 9111303639
शुभ दीपावली




समस्त ग्रामवासियों को धनतेरस, लक्ष्मी पूजा, दीपावली एवं गोवर्धन पूजा की हार्दिक बधाई...
KBM
KANAK BUILD MART
Complete Building Solution
Kuthrel, Durg (C.G.)
7354451007, 9827156311, 6266609929
gopalchandak010481@gmail.com




समस्त ग्रामवासियों को धनतेरस, लक्ष्मी पूजा,
दीपावली एवं भाई दूज की हार्दिक बधाई...
गुरुकृपा ज्वेलर्स
सोने-चाँदी के आकर्षक आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता।
उचित ब्याज पर गिरवी रखी जाती है।
बस स्टैण्ड अण्डा, जिला- दुर्ग (छ.ग.)
9479002400, 9907122246

जलने के बाद
पुन :निर्माण सर्जरी
(रिकंस्ट्रक्शन)

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

# सेल खेल मेला में वनांचल के पंद्रह सौ बच्चों ने दिखाया प्रतिभा कौशल

## बीएसपी व रामकृष्ण मिशन के आयोजन का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र और रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर के तत्वावधान में सेल खेल मेला 2024-25 का समापन सचिव रामकृष्ण मिशन, स्वामी सर्वलोकानन्द के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। अध्यक्षता सचिव, रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर स्वामी व्याप्तानन्द ने किया। सेल-खेल मेला में विभिन्न जिलों के 39 स्कूलों से लगभग 1500 बच्चों ने भाग लिया।

विशिष्ट अतिथि बीएसपी के सीजीएम उत्पल दत्ता, मनोज कुमार, जीएम विजय शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामडे, अध्यक्ष (जिला भाजपाध्यक्ष रूपसाय सलाम,जनभागीदारी समिति नारायणपुर के अध्यक्ष बृजमोहन देवांगन, नरेन्द्र मेश्राम, स्वामी अनुभवानंद सहित स्वामी वसुदानन्द, कृष्णामृतानन्द, मुक्त्यानन्द, प्रेमदानन्द उपस्थित थे। स्वागत भाषण प्राचार्य स्वामी कृष्णामृतानन्द ने दिया। स्वामी सर्वलोकानन्द ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सभी में प्रतिभा है, अगर आत्मविश्वास के साथ कुछ करने का निश्चय कर लें तो अवश्य सफल होंगे। खो-खो (बालक वर्ग) और फुटबॉल का फाइनल मैच खेला गया। रामकृष्ण मिशन विवेकानंद विद्यापीठ नारायणपुर और विद्यामंदिर कुंदला के बीच हुए खो-खो मैच में रामकृष्ण मिशन विवेकानंद विद्यापीठ की विजेता रही। फुटबॉल का फाइनल मैच रामकृष्ण मिशन और शा.उ.मा विद्यालय, बिंजली के बीच खेला गया जिसमें रामकृष्ण मिशन विवेकानंद विद्यापीठ के बालकों ने ट्रॉफी पर कब्जा किया। वॉलीबाल में रामकृष्ण मिशन नारायणपुर के बालकों की टीम विजेता रही और शा.उ.मा विद्यालय ओरछा उपविजेता। बालकों में ओवर ऑल चैंपियनशिप का ख़िताब रामकृष्ण मिशन विवेकानंद विद्यापीठ नारायणपुर रहा। बालिकाओं में माँ सारदा विद्यामंदिर ओरछा ओवर ऑल चैंपियन रही। और रनर रही रामकृष्ण मिशन विवेकानंद विद्यापीठ नारायणपुर। विजेताओ को पुरस्कृत किया गया। आभार प्रदर्शन वरिष्ठ शिक्षक घनश्याम दास साहू ने धन्यवाद ज्ञापित किया।




## खबर संक्षेप

### नुक्कड़ नाटक का मंचन

**भिलाई।** इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग और खदान विभाग द्वारा संयुक्त रूप से, रावघाट खदान के अंतागढ़ क्षेत्र में डीएवी रावघाट इस्पात सीनीयर सेकण्ड्री स्कूल में एक ग्राम सभा हुई। महाप्रबंधक और एसीवीओ सत्यब्रत कर और जीएम अनुपम बिष्ट ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जिसका उद्देश्य भ्रष्टाचार को खत्म करना है। कार्यक्रम में स्कूली छात्रों ने भाग लिया। उपमहाप्रबंधक मोहम्मद नौशाद आलम, सहायक महाप्रबंधक सचिन रंगारी, योगेश वर्मा, देवानंद रस्तोगी, अजय सिंह और वरिष्ठ सतर्कता निरीक्षक रूपेश कुरूप सहित बीएसपी के सतर्कता विभाग, खदान विभाग के अन्य अधिकारी और कार्मिक, गांवों के ग्राम पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे। प्राचार्य गोपीनाथ साहू ने स्वागत भाषण दिया। सभी को शपथ दिलाई गई। स्कूली बच्चों ने स्वागत गीत, छत्तीसगढ़ राज्य संगीत, भाषण, तथा अंतागढ़ के डीएवी रावघाट इस्पात सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया।

## निधन

### मीरा कौर



**भिलाई।** हाउसिंग बोर्ड निवासी मीरा कौर का निधन 29 अक्टूबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 30 अक्टूबर को सुबह 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान से निकलेगी। वे नरेंद्र सिंह की पत्नी, जीतेंद्र सिंह, हनी सिंह की भाभी और धर्मेंद्र सिंह की बहू थीं।

## बीएसपी के गेटों पर संयुक्त यूनियन की आभार सभा आज

# हड़ताल की सफलता से यूनियनों का बढ़ा हौसला, लंबित मांगों को लेकर बढ़ाया दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल वेतन समझौता की विसंगतियों को दूर कर 39 माह का एरियर्स भुगतान और बोनस फार्मूला में बदलाव सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर सेलव्यापी आंदोलन के तहत बीएसपी की सफल हड़ताल से उत्साहित यूनियनों ने अब जायज मुद्दों के अविलंब निदान के लिए प्रबंधन पर दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। सेल की सबसे बड़ी यूनिट बीएसपी में कर्मियों की स्वस्फूर्त व शांतिपूर्वक हड़ताल का हवाला देते हुए सभी कर्मियों का समर्थन जुटाने अब आभार प्रदर्शन के नाम पर संयुक्त यूनियन बुधवार को शक्तिप्रदर्शन कर सेल प्रबंधन पर जल्द चर्चा के लिए प्रेशर बनाने की रणनीति है। साथ ही यूनियनों की एकजुटता,,हड़तालियों पर कार्रवाई न हो और सभी कर्मियों का समर्थन जुटाने की भी कवायद यूनियन की है।

केंद्रीय यूनियनों के 28 अक्टूबर को सेलव्यापी आंदोलन के आह्वान के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र में हुई सफल हड़ताल के बाद भिलाई की संयुक्त ट्रेड यूनियन की समीक्षा बैठक हुई। सभी विभागों में हड़ताल के प्रभाव की समीक्षा की गई। बैठक में इस सफल हड़ताल के लिए कर्मियों द्वारा दिए गए समर्थन के लिए आभार प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया।

बुधवार 30 अक्टूबर को बोरिया गेट और मुर्गा चौक पर आभार प्रदर्शन किया जाएगा। अधिकारियों को चेताया गया कि यदि किसी अधिकारी द्वारा किसी कर्मचारी को दुर्भावना से प्रताड़ित किया गया तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### समीक्षा बैठक में कहा प्रबंधन जल्द करे मांगें पूर्ण




### कार्रवाई न करने बड़े अधिकारियों को चेताया

समीक्षा बैठक में यह बात आई कि संयंत्र के कुछ महाप्रबंधक और मुख्य महाप्रबंधक स्तर के अधिकारी कर्मचारियों को फोन करके इस हड़ताल में न जाने के लिए दबाव बना रहे थे और कार्रवाई करने की धमकी भी दे रहे थे। कई कर्मचारियों ने यूनियन नेताओं के पास इसकी लिखित शिकायत की है। कुछ ने इसकी रिकॉर्डिंग भी भेजा है। संयुक्त यूनियन ने निर्णय लिया है कि किसी भी कर्मचारी को हड़ताल पर जाने के कारण दुर्भावनावश किसी अधिकारी द्वारा प्रताड़ित किया गया तो उस अधिकारी के खिलाफ सयुक्त यूनियन कानूनी कार्रवाई करेगी।

### जागरुकता से मिली कामयाबी

बैठक में संयुक्त ट्रेड यूनियन में शामिल इंटक, बीएमएस, एटक, सीटू, एचएमएस, एक्टू, लोईमू ,स्टील वर्कर्स यूनियन और इस्पात श्रमिक मंच नेताओं ने भिलाई में 28 अक्टूबर की सफल हड़ताल की समीक्षा की। यूनियन नेताओं ने कहा कि यह अच्छी बात है कि संयंत्र कर्मचारियों को यूनियन नेताओं द्वारा गेट पर नहीं रोका गया उसके बाद भी कर्मचारी अपनी स्वेच्छा से हड़ताल में शामिल हुए। अब कर्मचारी अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो गए हैं। उन्हें यह विश्वास हो गया है के इतने बड़े स्तर पर हड़ताल में जाने के लिए राष्ट्रीय यूनियन तभी तैयार होती है जब वार्ता के माध्यम से समस्या का समाधान होने के रास्ते बंद होने लगते हैं। यूनियन इस बात का भी का भी ध्यान रखती है कि हड़ताल में शामिल कार्मिक साथी किसी भी तरह की वैधानिक परेशानी में न फंसे। प्रबंधन ने कर्मचारियों को कई तरीकों से डराने और धमकाने का प्रयास किया लेकिन कर्मचारियों ने यूनियन नेताओं पर भरोसा किया, जिसके कारण यह हड़ताल सफल हो पाई। बैठक में निर्णय लिया कि हड़ताल में समर्थन देने के लिए कार्मिक साथियों का बुधवार को आभार व्यक्त किया जाएगा। बोरिया गेट पर सुबह 8 बजे से 9 बजे तक और शाम को 5:30 बजे से 6:15 बजे तक संयुक्त यूनियन द्वारा आभार प्रदर्शन किया जाएगा।

# संस्कारों के लिए रामलीला जरूरी इंटरनेट संस्कृति से विलुप्तप्राय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई





टीवी और इंटरनेट संस्कृति की आंधी ने रामलीला मंचन की बरसों पुरानी परंपरा को नेपथ्य में धकेल दिया है। नई पीढ़ी को भटकाव से रोकने भारतीय संस्कृति और संस्कारों को रोपित करने के लिए इस विलुप्तप्राय धार्मिक परंपरा को फिर से समृद्ध करने की जरुरत है। रामलीला के कलाकारों को जितना गर्व भगवान राम जैसे आदर्श किरदारों को अभिनीत करने का है उतनी पीड़ा राम और सीता के आदर्शों को पालन नहीं करने की मंचन कम होने से कला से जीविकोपार्जन की बढ़ रही दिक्कत भी है।

दिवाली के अवसर पर सेक्टर 6 ई मार्केट मैदान में धर्म प्रचारक रामायण रामलीला मंडल काशी विंध्याचल क्षेत्र द्वारा मंचित रामलीला लोगों के आकर्षण के साथ कौतुक का भी केंद्र बनी हुई है। ग्यारह दिवसीय लीला को देखने भले ही बहुत थोड़े दर्शक होते हैं लेकिन उनका और कलाकारों का उत्साह कम नहीं है। मंडली के संचालक व संकट मोचक हनुमान का किरदार निभाने वाले महेंद्र सिंह बताते हैं कि आदर्श जीवन के लिए रामलीला हमारी संस्कृति का आधार है। लेकिन टीवी व मोबाईल से यह समृद्ध परंपरा कम हो गई है। इसके संरक्षण की जरुरत है। ब्यासपीठ राजमणि विश्वकर्मा बताते हैं कि भगवान राम को पूजते तो सभी हैं लेकिन आज उनके आदर्शों को कम व रावण की राह पर अधिक लोग चल रहे हैं। जबकि सबको मालूम है कि रावण ने अहंकार के कारण अपने वंश का नाश कर लिया। भगवान राम की कर्तव्यपरायणता व त्याग व माता सीता के आदर्श पर चलें तो धरती पर रामराज उतरते देर नहीं लगेगी। रामायण को सबसे ज्यादा आत्मसात करने की जरुरत भटके हुए राजनीतिकों को है। रामलीला में वीरेंद्र सिंह ) श्रीराम की भूमिका) शिवकैलाश( रावण), उमेश मिश्रा( दशरथ, जनक), नगेंद्र व नरेंद्र (लक्ष्मण), अनुज (सीता),सुरेंद्र (कुंभकर्ण) हीरा ( मंत्री),राकेश (विश्वामित्र) और साजिंदे हरी सिंह, राजमणि हैं।

# प्लांट गैराज में नए चेन माउंटेड डोजर का उद्घाटन, बढ़ेगी परिचालन दक्षता व क्षमता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- उपकरणों के आधुनिकीकरण के महत्व पर बल दिया

भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लांट गैराज ने कोक ओवन और कोल केमिकल डिपार्टमेंट और एमआरडी विभाग के लिए दो नए भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड निर्मित चेन माउंटेड डोजर जोड़कर परिचालन दक्षता और क्षमता को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। प्लांट गैराज विभाग के एमईआरएस परिसर के उद्घाटन समारोह कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, एस मुखोपाध्याय, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तरुण कनरार, बीके बेहरा, तुलाराम बेहरा और सुशील कुमार की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। अंजनी कुमार ने कहा कि परियोजना प्रबंधक महाप्रबंधक प्रभारी बीडी बाबू, परियोजना समन्वयक महाप्रबंधक प्रदीप्त भौमिक, सामग्री प्रबंधन-आईपीएम टीम, पीपीएंडई विभाग और प्लांट गैराज टीम की रिकॉर्ड समय में खरीद प्रक्रिया पूरी करने के लिए सराहना की। श्रीमुखोपाध्याय ने परिचालन की बढ़ती मांगों को पूरा करने तथा सेवा और उत्पादकता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने के लिए, उपकरणों के आधुनिकीकरण के महत्व पर बल दिया। मुख्य महाप्रबंधक (मैकेनिकल) श्री बी के बेहरा ने संयंत्र के हैवी वेहिकल के बेड़े के रखरखाव और उन्नयन में प्लांट गैराज टीम के प्रयासों की प्रशंसा की।



### मानकों के अनुसार कम उत्सर्जन

नव अधिग्रहीत बीईएमएल चेन माउंटेड डोजर उन्नत प्रौद्योगिकी, बेहतर ईंधन दक्षता, बेहतर प्रदर्शन क्षमताओं और सरकार द्वारा स्थापित बीएस उत्सर्जन मानकों के अनुसार कम उत्सर्जन से युक्त है। इस अवसर पर महाप्रबंधक बीडी बाबू, महाप्रबंधक प्रदीप भौमिक, महाप्रबंधक के ज्ञानानंद, सहायक महाप्रबंधक पार्थ घोष, सहायक महाप्रबंधक पीके कांबले, वरिष्ठ प्रबंधक ललित यादव, प्रबंधक ए डी आप्टे, वरिष्ठ प्रबंधक आशीष गुप्ता, प्रबंधक सुदर्शन लाल तामुरकर, प्रबंधक श्री के एच वी प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# विधायक रिकेश के प्रयास से विकास कार्यों को मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

धनतेरस के दिन विधायक रिकेश सेन के प्रयास से वैशाली नगर विधानसभा के निगम भिलाई अंतर्गत विभिन्न वार्डों में विकास कार्य के लिए 10 करोड़ रूपये की स्वीकृति उप मुख्यमंत्री एवं मंत्री अरूण साव ने दी है। 10 करोड़ की स्वीकृति राशि से वार्ड-2 त्रिवेणी नगर में गार्डन निर्माण व सौन्दर्यीकरण, दीनदयाल कॉलोनी में गार्डन निर्माण व सौन्दर्यीकरण, वार्ड-4 नेहरू नगर काली बाड़ी एरिया के अंतर्गत सड़क सीमेंटीकरण कार्य, वार्ड-8 न्यू कृष्णा नगर में चौरसिया फेब्रिकेशन के पीछे विभिन्न गलियों में आरसीसी नाली निर्माण कार्य, योगेश वर्मा के घर से गज्जू के घर तक सीसी रोड एवं नाली नाली निर्माण कार्य, वार्ड-11 कोहका अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण कार्य एवं आंतरिक मार्गो में सीमेंटीकरण, वार्ड-15 आंबेडकर नगर में बहुउद्देशीय हॉल को पूर्ण करने और डोम शेड निर्माण कार्य, वार्ड-17 के अंतर्गत पांच रास्ता समीप मोतीलाल चौक, आनंद चौक के पास नाली निर्माण कार्य और सुपेला मार्केट के पास सड़क सीमेंटीकरण कार्य, वार्ड-20 के विभिन्न स्थानों में आवश्यकतानुसार नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य, वार्ड-25 हाउसिंग बोर्ड सूर्यकुंड तक एवं एमआईजी 36 से विभिन्न आंतरिक मार्गो का सीमेंटीकरण कार्य, वार्ड 27 तीन दर्शन मंदिर के आस पास, बुद्ध भवन नहर नाली तक, शिवा स्क्रैप के सामने, जागृति चौक एवं विभिन्न गलियों का सीमेंटीकरण व नाली निर्माण, बीएम शाह हॉस्पिटल के आस पास एवं विभिन्न गलियों का सीमेंटीकरण, वार्ड-29 वृंदा नगर अंतर्गत मार्कण्डेय तिवारी लाइन, मुन्नाजी लाइन, अप्पा राव लाइन एवं आवश्यकता अनुसार आंतरिक मार्गो का सीमेंटीकरण एवं नाली निर्माण कार्य, तरुण बंजारे लाइन, अर्जुन नगर कोआपरेटीव लाइन एवं विभिन्न आंतरिक मार्गों में आवश्यकतानुसार सीमेंटीकरण एवं नाली निर्माण कार्य, अर्जुन नगर अंतर्गत दुर्गा मैदान में डोम शेड निर्माण कार्य, वार्ड-30 आंबेडकर नगर राम जानकी मंदिर के पास डोम शेड निर्माण कार्य, प्रगति नगर पानी टंकी प्रायमरी स्कूल के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, स्वास्थ कार्यालय के सामने पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य, प्रगति नगर संजू कोल डिपो से भारत सीट, होतवानी ऑटो से संतोषी माता मंदिर तक, छतिलाल मिश्रा के घर के पास आरसीसी रोड तथा नाली निर्माण कार्य वार्ड-31 मदर टेरेसा नगर के मयूर पार्क के आसपास, स्टाफ क्वार्टर, टावर लाइन तथा विभिन्न मार्गो का सीमेंटीकरण सड़क एवं नाली निर्माण कार्य, मदर टेरेसा नगर के मनोज लाइन, घासीदास मंदिर, टावर एवं हनुमान मंदिर के विभिन्न गलियों में नाली निर्माण कार्य, वार्ड-32 त्रिलोकी नाथ पांडेय के निवास से रमा विश्वकर्मा के घर तक आरसीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य, गुरुघासीदास नगर पार्षद कार्यालय के समीप डोम शेड निर्माण कार्य, बैकुंठ धाम मंदिर के सामने बनती के घर से नागेश साहू के घर तक आरसीसी रोड निर्माण कार्य, जेपी नगर चौक शिव मंदिर तक आरसीसी रोड निर्माण कार्य, वार्ड-33 संतोषी पारा शर्मा कॉलोनी में डोम शेड निर्माण कार्य, न्यू संतोषी पारा हुडको क्वार्टर के पास दुर्गा मंच डोम शेड गार्डन सौंदर्यीकरण कार्य आदि प्रमुख है।



### भाजपा पार्षदों ने अरूण साव का जताया आभार



नगर पालिका निगम भिलाई के भाजपा पार्षदों के अथक प्रयास से उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने रोड नाली,सीवरेज पेवर ब्लॉक जैसे कार्यो के लिए 10 करोड़ 18 लाख रुपये स्वीकृत कर दिया है,मिली जानकारी के मुताबिक विकास कार्यो के तरस रहे नगर पालिका निगम भिलाई के लिए नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा भोजू और उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह के नेतृत्व ने पार्षद दल ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव से मिलकर उन्हें विकास कार्यो के लिए मांग पत्र सौपा था पार्षद दल की मांग को पूरा करते हुए भिलाई नगर पालिका निगम को 10 करोड़ 18 लाख रुपये के विकास कार्यो की सौगात दी है। इन सभी विकास कार्यो के लिए स्वीकृत हुई राशि के लिए नेता प्रति पक्ष भोजराज सिन्हा , उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह समेत भाजपा पार्षदों ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव का आभार जताया है।

## यूनियनों ने कहा- बीएसपी में स्वस्फूर्त सफल रही हड़ताल

# मेहनत करते हैं कर्मचारी और श्रेय ले जाते हैं अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

संयुक्त यूनियन ने कहा है कि लंबित मांगों को लेकर भिलाई इस्पात संयंत्र में हुई सफल हड़ताल के दौरान उत्पादन प्रभावित होने से यह साबित हो गया है कि कर्मचारी की मेहनत का श्रेय अधिकारी ले जाते हैं। अधिकांश कर्मियों के स्वस्फूर्त संयंत्र में नहीं जाने से उत्पादन प्रभावित रहा। प्रबंधन अच्छी उपस्थिति की बात कर यूनियनों के साथ खुद को गुमराह न कर अब सभी लंबित मांगों को पूर्ण करने चर्चा करे। संयुक्त यूनियन ने जारी मेल में बताया कि अधिकतर कर्मचारियों की हड़ताल से बीएसपी में उत्पादन प्रभावित हुआ। सिंटर प्लांट 2 व 3 से लेकर ब्लास्ट फर्नेस, रेल मिल, यूआरएम, वायर राड मिल तक उत्पादन प्रभावित रहा। एसएमएस 2 के तीनों कनवर्टर और सभी 6 कास्टर बंद हो गए। प्रबंधन खुद तो जानता है कि वास्तव में संयंत्र के विभागों अनुभागों में कितने कर्मी उपस्थित हुए थे। काम करने वाले कर्मचारी भी जानते हैं। यूनियनों ने प्रबंधन को सलाह दी है कि वह हमें और खुद को धोखा ना दे।




### इंटक महासचिव संजय ने की हौसलाअफजाई

इंटक के राष्ट्रीय महासचिव संजय कुमार सिंह हड़ताल में शामिल इंटक सहित अन्य यूनियन के नेताओं का हौसला बढ़ाने के लिए भिलाई पहुंचे उन्होंने बोरिया गेट में हड़ताली यूनियन के लोगो व कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि यूनियन नेता इस लड़ाई को अंतिम पड़ाव ना समझें। प्रबंधन का अड़ियल रवैया यदि इसी तरह जारी रहा तो हमें इससे बड़ी हड़ताल करनी पड़ेगी और उत्पादन को पूरी तरह ठप करने की भी नौबत आ सकती है।

### एक दिन उत्पादन संभाल नहीं पाया प्रबंधन

संयुक्त यूनियन ने कहा कि कर्मियों के काम करने से ही उत्पादन होता है लेकिन प उत्पादन का सारा श्रेय ले लेता है और उस उत्पादन को बेचकर जो मुनाफा होता है, उसे खुद की मेहनत के नतीजे के तौर पर प्रस्तुत करता है। मुनाफे के ऊपर अधिकारियों का तो हक बताता है और कर्मचारियों को दरकिनार कर देता है। लेकिन हड़ताल ने प्रबंधन के सभी दावों को फेल कर दिया है, क्योंकि यूनियनों ने 24 घंटे के लिए हड़ताल की थी, जिसमें सारे अधिकारी संयंत्र के अंदर तो चले गए लेकिन एक दिन के लिए भी संयंत्र के उत्पादन को संभाल नहीं पाए। यूनियन ने कहा कि जायज मांगों पर यूनियन प्रबंधन से सकारात्मक चर्चा करवाना चाहता था लेकिन वह अपने अड़ियल रवैया और मनमानी के चलते स्थितियों हड़ताल तक लेकर गया। अब कर्मियों ने साबित कर दिया कि उत्पादन की रफ्तार कर्मी ही बना कर रखते हैं इसीलिए उनके खिलाफ कोई निर्णय न ले और कर्मियों के वेतन समझौता को संपन्न करने बोनस फार्मूले को रद्द करने ठेका कर्मियों के मांगों को पूरा करने के लिए चर्चा करने आए अन्यथा लड़ाई और तेज होगी।

मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
श्रीनगर, गुलमर्ग, सुलमर्ग

4 रात व 5 दिन
Ex जम्मू
28 नवंबर से 02 दिसंबर 2024, 23 जनवरी से 27 जनवरी 2025
20 फरवरी से 24 फरवरी 2025, 13 मार्च से 17 मार्च 2025
10 अप्रैल से 14 अप्रैल 2025
राशिः-स्टैंडर्ड पैकेज 8500 (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411